विश्वकर्मा फर्नीचर

मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911



सोफा, दीवान, कुर्सी, पलंग, डाइनिंग टेबल, ड्रेसिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचर के निर्माता एवं विक्रेता



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023



आवश्यकता है

ज्वेलरी दुकान में काम करने के लिए अनुभवी सेल्समेन व सेल्स गर्ल की आवश्यकता है।

-: संपर्क करें :-

सुनालिया ज्वेलर्स

पावर हाउस रोड कोरबा



वर्ष 34 अंक 348 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 18 सितम्बर 2023 डाक 19 सितम्बर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस के रूप में मनाते हुए प्रतीकात्मक रूप से एक चाय की दुकान चलाते हुए



**देश-विदेश**

मणिपुर में छुट्टी पर गए भारतीय सेना के जवान की हत्या बदमाशों ने अपहरण के बाद दिया वारदात को अंजाम



**कोरिया जिला**

प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर युवा मोर्चा के सदस्यों ने किया रक्तदान




## सरकारें आएंगी जाएंगी, पार्टियां बनेंगी, बिगड़ेंगी... जब संसद में पीएम मोदी ने वाजपेयी की बातों को किया याद



**नईदिल्ली, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**

केंद्र सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र का आगाज पीएम मोदी के संबोधन के साथ हुआ। पीएम ने जी20 से भारत की साख को मिली मजबूती का जिक्र किया। इस सत्र में सरकार चार बिल पेश करेगी, जिसको लेकर संसदीय बुलेटिन में जानकारी दी गई थी। हालांकि, विपक्ष एक बार फिर इस पर हंगामा कर सकता है। विपक्षी पार्टियों ने इस विशेष सत्र में 9 मुद्दों पर सरकार को घेरने का एजेंडा बनाया है। विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए के नेताओं ने बीते दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के घर मीटिंग कर सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की है। इसको लेकर सोनिया गांधी ने भी पीएम मोदी को एक पत्र लिखा है, जिसमें 9 मुद्दे उठाए गए हैं। सोनिया द्वारा लिखी गई चिट्ठी में महंगाई, किसानों को एमएसपी, अदाणी, मणिपुर, हरियाणा हिंसा, जातीय जनगणना, केंद्र और राज्यों में टकराव, चीन सीमा और बाढ़ से राज्यों को हुए नुकसान जैसे मुद्दों को उठाया गया है।

पीएम मोदी ने सदन के विभिन्न फैसलों का आज जिक्र किया। पीएम ने कहा कि इस सदन ने कई चीजों को देखा है, सदन ने इमरजेंसी से लेकर संसद पर हमले को देखा है। पीएम मोदी ने भारत को आगे बढ़ाने की बात कहते हुए अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया। पीएम ने कहा कि मैंने हमेशा कहा है कि ये देश कैसे आगे बढ़े इसको लेकर हम सबको साथ काम करना चाहिए। पीएम ने कहा कि आज इस संसद में अटल बिहारी वाजपेयी की बात मुझे याद आ रही है, जब उन्होंने कहा था कि सरकारें आएंगी जाएंगी, पार्टियां बनेंगी, बिगड़ेंगी, लेकिन देश हमेशा आगे बढ़ता रहना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि इस संसद की दीवारों की ताकत की तरह पत्रकारों की कलम ने हमेशा अपनी ताकत दिखाई है। पीएम ने कहा कि इस पुराने संसद भवन ने जाना उन पत्रकारों के लिए भी भावुक क्षण होगा, जिन्होंने कई सालों तक इसको कवर किया। पीएम मोदी ने संसद में महिला सांसदों द्वारा नई बातों को लाने के लिए और पुरानी परंपराओं को तोड़कर आगे आने के लिए उनका अभिवादन किया। पीएम ने इसी के साथ संसद के कर्मिचारियों की भूमिका का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि इन लोगों ने किसी भी सांसद को कभी भूखा-प्यासा नहीं रहने दिया। पीएम मोदी ने कहा कि इस सदन में पंडित नेहरू, शास्त्री जी, मनमोहन सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान देश को गति देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज का दिन उन सभी नेताओं का गुणगान करने का है। विशेष सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश के सामने कई बार मुश्किलें आई हैं, लेकिन ये हम न कभी पीछे हटे हैं और न ही हटेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि कि मैंने कभी ये सोचा नहीं था कि एक रेलवे प्लेटफॉर्म पर चाय बेचने वाला व्यक्ति संसद तक पहुंच जाएगा। पीएम ने कहा कि देश के लोगों ने मुझे जितना सम्मान दिया उसकी कीमत मैं कभी नहीं चुका सकता। संसद के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अब भारत तरक्की के रास्ते पर है। भारत में अब पूरा विश्व अपना मित्र खोज रहा है। पीएम मोदी ने संसद के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि नए संसद भवन में हम प्रवेश कर रहे हैं, लेकिन पुराना भवन भी प्रेरणा देता रहेगा।

## मुंबई में लगी 69 किलो सोने और 336 किलो चांदी से बनी बप्पा की मूर्ति, इतने करोड़ का हुआ है बीमा



**मुंबई।** महाराष्ट्र में गणेश पूजा की तैयारियां धूमधाम से चल रही है। कल यानी की 19 सितंबर से शुरू होने वाली गणपति पूजा के लिए जीएसबी सेवा मंडल ने सबसे महंगी गणेश मूर्ति की स्थापना की है। इन्हें मुंबई की सबसे अमीर मंडल के तौर पर जाना जाता है। इस बार गणपति पूजा के लिए मंडल ने सोने-चांदी की बरसात कर दी है। गणेश भगवान की इस प्रतिमा को 69 किलो सोने और 336 किलो चांदी से बनाया गया है।

मंडल के एक प्रतिनिधि ने मीडिया को बताया कि उन्होंने 360.45 करोड़ का बीमा भी कराया है। उन्होंने आगे कहा, हम सभी गणेश भक्तों का यहां स्वागत करते हैं। इस साल हम 69वां गणेश उत्सव मनाने जा रहे हैं। गणेश की इस प्रतिमा में 36 किलो चांदी और 250 ग्राम सोने का पेंडेंट भी बनाया गया है। प्रतिनिधि ने बताया, 20 सितंबर को हम आयोध्या में बनने वाले राम मंदिर के लिए एक विशेष हवन करेंगे। वहीं 19 सितंबर को चंद्रयान-3 की सफलता के लिए भी विशेष हवन करने वाले हैं।

## गणेश चतुर्थी को लेकर बीबीएमपी सख्त, बंगलूरू में मांस की ब्रिकी पर लगाया प्रतिबंध, जारी किए दिशा-निर्देश

**बैंगलूरू, 18 सितम्बर ।**



गणेश चतुर्थी के अवसर पर बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) ने मांस की बिक्री और जानवरों को मारने पर प्रतिबंध लगा दिया है। बीबीएमपी के पशु सलाहकार बोर्ड ने सभी मांस की दुकानों के मालिकों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। गौरतलब है, देशभर में 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिरों में गणेश महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। बाजार मूर्तियों की बिक्री के लिए तैयार है। गणेश चतुर्थी पर लोग विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गणेश प्रतिमा को स्थापित करेंगें। जबकि 27 सितंबर को गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। इसी को लेकर बीबीएमपी ने निर्देश जारी किए हैं। नगर निकाय ने शहरभर में गणेश पंडालों का आयोजन करने वालों के लिए नियमों की एक सूची भी जारी की है।

वहीं, बंगलूरू में 60 से अधिक विंडो क्लीयरेंस केंद्रों ने उन आयोजकों को परमिट जारी किए, जो गणेश पंडाल लगाना चाहते हैं। बीबीएमपी ने प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से बनने वाली गणेश मूर्तियों की बिक्री और निर्माण पर पहले ही सख्त प्रतिबंध लगा दिया है। नियमों का उल्लंघन करने पर निर्माताओं पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं, नगर निकाय ने यह भी कहा कि वह यह सुनिश्चित करेगा कि त्योहार पर्यावरण के अनुकूल तरीके से हो और यदि कोई उल्लंघन करता है तो कार्रवाई की जाएगी। आयोजकों को यह भी आदेश दिया गया कि वे दान के नाम पर लोगों से जबरन पैसे न वसूलें।

### हाथियों ने किया मां-बेटी पर हमला, दोनों की हालत नाजुक

**जशपुर।** ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ की अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थित तपकरा वन परिक्षेत्र में एक बार फिर हाथियों का उत्पात शुरू हो गया है. सोमवार की सुबह हाथियों ने मां और बेटी पर हमला कर दिया है. हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया. जहां से घायल मां-बेटी को बेहतर इलाज के लिए रायगढ़ रेफर करवा दिया है. अस्पताल हालचाल जानने पहुंचे फरसाबहार के एसडीएम सबाब खान ने रायगढ़ भेजने की व्यवस्था करवाई.

## पीएम पर निशाना साधने को लेकर विपक्षी दलों पर भड़के शिंदे, कहा- शेर से नहीं लड़ सकतीं भेड़-बकरियां

**मुंबई, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को जमकर विपक्षी दलों पर निशाना साधा। यहां तक की उन्होंने पीएम को शेर तक बता दिया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने के बारे में सोचते हैं, लेकिन भेड़-बकरियां जंगल में शेर के खिलाफ लड़ाई नहीं लड़ सकतीं। शिंदे ने श्रीनगर में एक हिंदी समाचार चैनल से कहा कि मैं विपक्षी दलों को गिद्ध नहीं कहूंगा, लेकिन भेड़-बकरियां जंगल में शेर के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए एक साथ नहीं आ सकतीं। उन्होंने कहा कि शेर हमेशा शेर होता है और वही जंगल पर राज करेगा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को चुनौती देने के लिए विपक्षी दलों के एक साथ आने के बारे में पूछे जाने पर शिवसेना नेता ने कहा कि वह केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने के बारे में सोचता है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि कहीं भी विपक्ष टक्कर दे रहा है। महाराष्ट्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की स्थिति पर शिंदे ने कहा कि अजित पवार के हमारे साथ आने के बाद हमें 215 से अधिक विधायकों का समर्थन प्राप्त है। सरकार को कोई खतरा नहीं है। उन्होंने उद्धव ठाकरे का नाम लिए बिना कहा कि हम लोगों के लिए काम कर रहे हैं। लोग तय करेंगे कि वे कैसे व्यक्ति को चाहते हैं, जो उनके लिए काम करता है या जो केवल घर पर बैठता है।

विपक्षी खेमे के नेताओं को निशाना बनाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल किए जाने के आरोपों पर शिंदे ने कहा कि ईडी उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करता है, जिन पर भ्रष्ट गतिविधियों में लिप्त होने का संदेह है। यह किसी को यूं ही परेशान नहीं करता है।

## कार सवार भाजपा नेता ने की अभद्रता तो महिला ने गाड़ी से उतारकर बीच सड़क जड़े थप्पड़, वीडियो वायरल



**लखनऊ, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**

**इंटरनेट मीडिया पर रविवार रात कार सवार भाजपा नेता अतुल दीक्षित का वीडियो वायरल हुआ। इसमें गाड़ी हटाने को लेकर एक महिला और कुछ लोगों से विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान भाजपा नेता ने महिला और एक अन्य युवक से गाली गलौज की।**

विरोध पर अभद्रता करने लगे तो महिला ने उन्हें जमकर पीट दिया। देर रात इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर बायरल हो गया। इसके बाद लोग तरह-तरह के कमेंट करने लगे। वीडियो में इनोवा कार सवार भाजपा नेता अतुल दीक्षित पूर्व पार्षद हैं। कार में पार्टी का झंडा भी लगा है। वह कार में बैठे हैं गाड़ी हटाने को लेकर उनका महिला और एक युवक से विवाद हुआ। विवाद के दौरान अतुल कार से बाहर निकले दोनों पक्षों मे नोकझोंक हुई। दोनों का आरोप है कि अतुल दीक्षित नशे में धुत थे और उन्होंने गाली-गलौज की।

युवक वीडियो बनाने लगा तो उसका मोबाइल भी छीनने की कोशिश की। इस पर उग्र होकर महिला ने उनकी पिटाई शुरू कर दी। थाना प्रभारी ठाकुरगंज और चौक ने बताया कि वीडियो उनके क्षेत्र का नहीं है जांच की जा रही है। इस तरह की अभी कोई शिकायत नहीं आया है। वीडियो कब का है इसकी भी जानकारी नहीं है।

## 45 एमएलए हमारे संपर्क में, जनवरी के बाद गिर जाएगी सिद्दरमैया सरकार बीजेपी नेता के दावे से कर्नाटक में मचा हड़कंप



**बेंगलुरु।** कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में इस समय सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। कांग्रेस कार्यसमिति की हैदराबाद में जब दो दिवसीय बैठक हुई, तो वरिष्ठ नेता बीके हरिप्रसाद को मंच पर बोलने नहीं दिया गया, जिसे लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। भाजपा नेता बसनगौड़ा आर पाटिल ने कहा कि कांग्रेस ने बीके हरिप्रसाद की वरिष्ठता को महत्व नहीं दिया, जिससे वे काफी आहत हैं। यह उनका आंतरिक मामला है। हरिप्रसाद ने सिद्दरमैया के बारे में काफी कुछ कहा। ये सारे घटनाक्रम बताते हैं कि यह सरकार जनवरी के बाद नहीं रहेगी। पाटिल ने कहा कि 44 एमएलए हमारे संपर्क में हैं। जब हम सत्ता में आ रहे हैं तो हमें विपक्ष का नेता नियुक्त करने की जहमत क्यों उठाना चाहिए। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में आयोजित कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में बीके हरिप्रसाद, मुख्यमंत्री सिद्दरमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार भी पहुंचे थे। बीके हरिप्रसाद को मंच पर बोलने नहीं दिया गया, जबकि सिद्दरमैया और शिवकुमार को बोलने का मौका दिया गया। यही नहीं, जब कांग्रेस कर्नाटक में सत्ता में आई तो भी हरिप्रसाद को मंत्री नहीं बनाया। इसी से हरिप्रसाद काफी आहत हैं।

## आईएनडीआईए गठबंधन में सब ठीक नहीं! सीडब्ल्यूसी बैठक में आप की खिलाफत, सीट-बंटवारे पर बातचीत नवंबर तक टालने की मांग



**हैदराबाद, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**

विपक्षी पार्टियों के गठबंधन आईएनडीआईए में अभी तक सब ठीक चलता नहीं दिख रहा है। हाल ही में हैदराबाद में हुई कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में कई कांग्रेस नेताओं ने आम आदमी पार्टी का खुलकर विरोध किया है। इसी के साथ नेताओं ने आलाकमान से लोकसभी की सीट बंटवारे का फॉर्मूला निकालने में भी जल्दबाजी न करने की हिदायत दी है। पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के बेहतर प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त कुछ पार्टी नेताओं ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए आईएनडीआईए गठबंधन के सहयोगियों के साथ सीट-बंटवारे की बातचीत को नवंबर तक टालने की मांग की है।

उन राज्यों से जहां कांग्रेस सीधे तौर पर आईएनडीआईए गुट के सहयोगियों के साथ प्रतिस्पर्धा में है, वहां के नेताओं ने सीट बंटवारे को टालने को कहा है। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति के दो दिवसीय सत्र के दौरान कई नेताओं ने कांग्रेस के साथ आईएनडीआईए गठबंधन को मजबूत करने का समर्थन तो किया, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पार्टी को समान विचारधारा वाले दलों के साथ सीट-बंटवारे की व्यवस्था में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। दो दिवसीय बैठक के दौरान सोनिया गांधी ने आईएनडीआईए गठबंधन को मजबूत करने को कहा, जबकि राहुल गांधी ने कांग्रेस और विपक्षी गुट दोनों को मजबूत करने की बात कही।

कुछ नेताओं ने इसके इतर कहा कि विपक्षी गुट को कांग्रेस को नुकसान पहुंचाकर मजबूत नहीं करना चाहिए। सूत्रों ने बताया कि विचार-विमर्श के दौरान, कुछ नेताओं ने आशंका जताई की आम आदमी पार्टी के कई नेता कांग्रेस पर हमला करते रहेंगे। बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन, अलका लांबा और प्रताप सिंह बाजवा समेत दिल्ली और पंजाब के कुछ नेताओं ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ कई बात भी की।

### सड़क पर बैठे मवेशियों को कुचलते हुए डंपर से टकराई बस, 15 घायल

**बैतूल।** बैतूल से भोपाल की ओर जा रही निजी यात्री बस सड़क पर बैठे मवेशियों को कुचलते हुए रेत से भरे डंपर से टकरा गई। इससे डंपर और बस के चालकों समेत 15 यात्री घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में आठ को ज्यादा चोट लगी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कि लक्ष्मीनारायण कंपनी की यात्री बस बैतूल से भोपाल के लिए सुबह 6 बजे रवाना हुई। सोनाघाटी के पास सड़क पर बैठे मवेशियों को बचाने के चक्कर में चालक ने बस को गलत दिशा में मोड़ दिया जिससे सामने से आ रहे रेत के डंपर से टक्कर हो गई। बस के नीचे आने से तीन मवेशियों की भी मौत हो गई। टक्कर होने से बस और डंपर के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस और डंपर चालक फंस गए थे जिन्हे क्रेन की मदद से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।

## बाराबंकी में पुलिस को देख बदमाशों ने की फायरिंग मुठभेड़ में तीन दबोचे गए, दो को लगी गोली

**बाराबंकी, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**

फतेहपुर में कल देर रात बदमाशों से हुई मुठभेड़ में पुलिस ने तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है, जबकि उनका एक साथी भागने में सफल रहा। गिरफ्तार तीन में से दो बदमाशों के पैर में पुलिस की गोली लगी है। फरार बदमाश की तलाश में पुलिस टीम ने रात भर कांबिंग की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। वहीं बदमाशों की फायरिंग में पुलिस बाल-बाल बची। थाना फतेहपुर के फतेहपुर-महमूदाबाद रोड से तालगांव मोड़ पर हुई पुलिस मुठभेड़ में 2 बदमाश घायल हुए हैं। वहीं पुलिस ने तीन बदमाशों को दबोचा है। जिले में हो रही लूट व चोरी की वारदातों के दृष्टिगत लगी क्राइम ब्रांच की टीम कई दिन से लगी हुई थी। 17 सितंबर यानी रविवार की रात मिली सूचना पर स्वाट टीम ने थाना फतेहपुर पुलिस टीम के साथ फतेहपुर-महमूदाबाद रोड से तालगांव मोड़ पर सघन चेकिंग लगाई। तभी दो मोटरसाइकिल पर सवार कुल चार संदिग्ध व्यक्ति आते दिखे। पुलिस ने उन्हें रोककर चेक करने की कोशिश की, तभी मोटरसाइकिल सवार बदमाश हमलावर हो गए और बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।

हालांकि इसमें कोई पुलिसकर्मी हताहत नहीं हुआ और बचते हुए पुलिस ने जवाबी फायरिंग शुरू कर दी, जिससे दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल होकर गिर गए, जिसमें थाना रामनगर के ग्राम खालिसपुर निवासी शिवा सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह और दूसरा जहांगीराबाद के अतरौरा मजरे बहादुरपुर गांव का श्रीराम उर्फ बाबू पुत्र प्रेमचंद्र है। उनके एक साथी जहांगीराबाद के गोपालपुर निवासी सचिन यादव को भी गिरफ्तार किया है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## मध्य प्रदेश के आलीराजपुर, धार, झाबुआ और रतलाम जिले में आज भी भारी बारिश की आशंका




**भोपाल, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**

लगातार तीन दिन तक पश्चिमी मध्य प्रदेश में जबरदस्त बारिश का कारण बना गहरा कम दबाव का क्षेत्र कुछ कमजोर पड़कर राजस्थान की तरफ चला गया है।

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इस मौसम प्रणाली के असर से सोमवार को गुजरात एवं राजस्थान की सीमा से लगे मप्र के जिले आलीराजपुर, धार, झाबुआ, रतलाम में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। मध्?य प्रदेश के शेष जिलों में मौसम साफ होने लगेगा। धूप भी निकलेगी। उधर पिछले 24 घंटों के दौरान रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक प्रदेश में सर्वाधिक 341 मिलीमीटर बारिश कट्ठीवाड़ा (आलीराजपुर) में हुई। इसके अलावा धार में 301.3, रतलाम में 242, खंडवा में 162, इंदौर में 144.7, खरगोन में 110, उज्जैन में 59, नर्मदापुरम में 13.6, भोपाल में 13.4, पचमढ़ी 10.2, शिवपुरी में सात मिलीमीटर बारिश हुई थी। रविवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक रतलाम में 21, धार में 16,उज्जैन में आठ, इंदौर में 6.6, गुना में पांच, शिवपुरी में एक, पचमढ़ी एवं भोपाल में 0.2 मिमी. बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक गहरा कम दबाव का क्षेत्र कमजोर पड़ने के बाद कम दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित हो गया है।

वर्तमान में वह दक्षिण-पूर्वी राजस्थान एवं उससे लगे पश्चिमी मध्य प्रदेश पर बना हुआ है। मानसून द्रोणिका जैसलमेर से कम दबाव के क्षेत्र से होकर सागर, डाल्टनगंज, जमशेदपुर, दीघा से होकर बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि कम दबाव के क्षेत्र के राजस्थान की तरफ जाने से मानसून की गतिविधियों में अब कमी आने लगेगी। हालांकि सोमवार को गुजरात-राजस्थान की सीमा से लगे मप्र के इंदौर, उज्जैन संभाग के जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। शेष संभागों के जिलों में मौसम साफ होने लगेगा।



श्रद्धा और विश्वास
के पावन पर्व
तीजा
पर माताओं और बहनों को
शुभकामनाएं
समान अवसर और अधिकारों से
नारी शक्ति का सम्मान
महिला स्व-सहायता समूहों के 12.77 करोड़ रुपये का ऋण माफ
राज्य महिला कोष मद में 5 गुना वृद्धि
ग्राम सभाओं में 50% आरक्षण, जिला खनिज न्यास मद (DMF) के नीति निर्माण में महिलाओं को मिला अधिकार
महिला स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा 1.8 लाख महिलाओं को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा
पंजीकृत श्रमिक परिवार की दो बेटियों को 1-1 लाख रु की सहायता (12वीं कक्षा उत्तीर्ण होने और 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर)
महिला उद्यमियों को व्यापार/उद्यम हेतु राज्य महिला उद्यमिता नीति 2023-28 के तहत 10-50 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता व अन्य विशेष अनुदान
S-38519/80
श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

# सर्वे में भाजपा के लिए सर्वाधिक सुरक्षित माने जाने वाले कटघोरा विधानसभा में क्या इस बार फिर खिलेगा कमल ?



कोरबा। जिले में पार्टी की सर्वे में भाजपा के लिए सर्वाधिक सुरक्षित व संभावनाओं वाले कटघोरा विधान सभा सीट पर क्या इस बार कमल खिलेगा। अथवा नही इस लेकर कयासों का दौर शुरू हो गया है हालाकि भाजपा ने अभी तक यहां प्रत्याशी की घोषणा नही की है लेकिन कहा जा रहा है कि यदि योग्य उम्मीदवार का चयन कर पार्टी यहां प्रत्याशी मैदान में उतारती है। तो रिजर्ल्ट पाजिटिव आ सकता है। क्योंकि कांग्रेस के वर्तमान विधायक ने जीत पर कटघारो को जिला बनाने का चुनावी वायदा किया था। जिसे वें पूरा नही कर पाए है।

फलस्वरूप विपरित हवा बह रही है। कटघोरा सीट पर सबसे ज्यादा समय तक कांग्रेस का दबदबा रहा है. सीट पर सबसे ज्यादा 6 बार चुनाव जीतने का रिकॉर्ड बोधराम कंवर के नाम है. 6 बार में से एक बार वह निर्दलीय (1972) चुने गए. लेकिन इसके बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गए और हर बार चुनाव जीतते रहे.

कटघोरा सीट पर कांग्रेस का दबदबा, क्या बीजेपी को यहां पर मिलेगी जीत छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले की अपनी खास राजनीतिक पहचान है. जिले की कटघोरा विधानसभा सीट भले ही सामान्य सीट है, लेकिन यहां पर आदिवासी उम्मीदवारों का खासा दबदबा है और हार-जीत पर काफी असर डालते हैं. कटघोरा विधानसभा सीट पर अभी कांग्रेस का कब्जा है. कटघोरा सीट पर सबसे ज्यादा समय तक कांग्रेस का दबदबा रहा है. सीट पर सबसे ज्यादा 6 बार चुनाव जीतने का रिकॉर्ड बोधराम कंवर के नाम है. 6 बार में से एक बार वह निर्दलीय (1972) चुने गए. लेकिन इसके बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गए और हर बार चुनाव जीतते रहे.2018 के विधानसभा चुनाव की बात करें तो कटघोरा सीट पर 10 उम्मीदवारों के बीच मुकाबला रहा. हालांकि यहां त्रिकोणीय मुकाबला दिखा. भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के बीच कड़ा मुकाबला रहा. कांग्रेस के पुरुषोत्तम कंवर को चुनाव में 59,227 वोट मिले तो भारतीय जनता पार्टी के लखनलाल देवांगन को 47,716 वोट मिले.जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के उम्मीदवार के गोविंद सिंह राजपूत के खाते में 30,509 वोट आए. कांग्रेस के पुरुषोत्तम कंवर ने 11,511 मतों के अंतर से यह मुकाबला जीत लिया. तब के चुनाव में कटघोरा सीट पर कुल 1,97,527 वोटर्स थे जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,01,055 थी तो महिला मतदाताओं की संख्या 96,467 थी. इसमें कुल 1,51,128 (78.0त्न) वोट पड़े. ह्लह्रञ्ज के पक्ष में 2,867 (1.5त्न) वोट डाले गए.

कटघोरा विधानसभा सीट पर कुल 2,05,961 वोटर्स हैं. इसमें पुरुष वोटर्स की संख्या 1,04,805 है जबकि महिला वोटर्स की संख्या 1,01,146 है. इनके अलावा 10 ट्रांसजेंडर भी वोटर्स हैं.कटघोरा सीट के चुनावी इतिहास पर गौर करें तो 1990 के बाद से इस सीट पर ज्यादातर समय कांग्रेस का ही दबदबा रहा है. कांग्रेस ने 4 बार तो बीजेपी ने 3 बार जीत हासिल की है. छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद 2003 में जब यहां पर पहली बार चुनाव हुए तो कांग्रेस के बोधराम कंवर ही विजयी हुए. 5 साल बाद 2008 के चुनाव में भी बोधराम कंवर चुनाव जीतने में कामयाब रहे थे 2013 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने लखनलाल देवांगन के दम पर यहां फिर से जीत हासिल की. उन्होंने 6 बार के विधायक बोधराम को हराया. कांग्रेस इस सीट पर आदिवासी कंवर समाज के लोगों को ही टिकट देती रही है. लेकिन 2018 के चुनाव में कांग्रेस ने बोधराम कंवर की जगह उनके बेटे पुरुषोत्तम कंवर को टिकट दिया और वह चुनाव जीतने में कामयाब रहे. लखनलाल देवांगन दूसरे स्थान पर रहे.कटघोरा सीट का बड़ा हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों से घिरा हुआ है. यहां का करीब 60 प्रतिशत इलाका कोयला खदान से जुड़ा हुआ है. एसईसीएल की ओर से कोयला खदान और बिजली संयंत्रों के लिए अधिग्रहित की गई जमीन पर पुनर्वास नीति से करीब 25 हजार किसान ज्यादा खुश नहीं हैं. कई लोगों को उचित मुआवजा तक नहीं मिल सका कांग्रेस ने वादा किया था कि वह सत्ता में आने के कटघोरा को जिला बनाएगी लेकिन उसकी ओर से वादा पूरा नहीं किया गया. जबकि बीजेपी ने भी सत्ता में रहने के दौरान वादा किया था लेकिन पूरा नहीं किया गया. वैसे तो सीट सामान्य वर्ग के लिए लेकिन आदिवासी वोटर निर्णायक की भूमिका में रहता है. यहां पर करीब 70 प्रतिशत सामान्य और ओबीसी वर्ग के वोटर्स हैं तो करीब 30 प्रतिशत वोटर्स आदिवासी समाज के लोग है जिनकी चुनाव निर्णय में महत्व पूर्व भूमिका रहती है। कांग्रेस की ओर यहां वर्तमान विधायक पुरूषोत्तम कंवर को टिकिट मिलने की संभावना है। वहीं भाजपा की ओर से विकास महतो,ज्योतिनंद दुबे,पवन गर्ग, देवेन्द्र पाण्डेय, मनोज शर्मा, एवं प्रेम पटेल को प्रबल दावे दार माना जा रहा है। यहां से टिकिट के लिए पूर्व कलेक्टर आर.पी.एस त्यागी भी लगे हुए है।



## राजस्व मंत्री ने की भगवान विश्वकर्मा की पूजा

कोरबा। 17 सितम्बर को निर्माण के देवता देव शिल्प भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर्व पर प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी शांति हीरो जैलगाँव चौक जमनीपाली में भगवान विश्वकर्मा जी मूर्ति स्थापना कर विधिवत पूजा अर्चना की गई हैं।

इस अवसर राजस्व मंत्री एवं कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल, पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल ने भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की और भण्डारा प्रसाद में शामिल होकर प्रसाद वितरण किया।

इस मौके पर व्यापारीबंधु एवं श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसार पर महापौर राजकिशोर प्रसाद, बी एन सिंह , राजेन्द्र तिवारी, विकास अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, सर्वजीत सिंह , राजेन्द्र सिंह ठाकुर, रेखा त्रिपाठी, डॉ. एल पी साहू, मनीराम साहू, मनीष अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, बैद्यनाथ अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, धुरपाल सिंह कंवर, सुनील पटेल, आर के पटेल, राम इकबाल, सुधीर जैन, रामू पाण्डेय, शंकर महंत, रमेश दास महंत, रामायण दास महंत, चन्द्रभान सिंह, विनोद सिंघानिया, महेश अग्रवाल, नवीन सिंह, भुनेश्वर दुबे, ठनठनाती चन्द्रा, सरस्वती कंवर, तारकेश्वरी शर्मा, क्रांति यादव, सुनीता केशरवानी, कुंती गोप, द्रोपती तिवारी, लक्ष्मी महंत, डॉ. नेताम, देवी दयाल तिवारी सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुजनों ने भोग प्रसाद ग्रहण किया।



## हाथी के हमले में मृतकों के परिजनों से मिले तानाखार विधायक केरकेट्टा

### सहायता राशि जल्द देने विभाग को दिए निर्देश

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के ग्राम पंचायत लाद में एक महिला की सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। जिसके दशगात्र कार्यक्रम में पाली तानाखार विधायक मोहितराम केरकेट्टा ने उनके परिजन से मुलाकात कर ढांढस बंधाते हुए मृत आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। तत्पश्चात ग्राम कापर नवापारा में एक वृद्ध को हाथी ने मार डाला था।जिसकी जानकारी मिलते ही उनके परिजन से मिलने विधायक पहुंचे। परिजन से मुलाकात करते हुए मृत आत्मा की शांति की कामना की। विधायक ने वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को शासन की ओर से मिलने वाले सहायता राशि को जल्द दिलाने के निर्देश दिए। उसके पश्चात ग्राम ढोढ़ाबहार में बिंझवार समाज के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बाबा खान, लक्ष्मी अग्रवाल, उदय यादव, विधायक प्रतिनिधि भावेश बनाफर, शिवनंदन कुजुर, आईटीआई सेल सोशल मीडिया पाली तानाखार के महासचिव गुरुबहाल टोप्पो, जनपद सदस्य मदन सिंह मरावी व वनविभाग के अधिकारी कर्मचारीगण सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे। उसके पश्चात विधायक टोल प्लाजा चोटिया के आस पास एक लोनार हाथी का पता चलने पर विधायक प्रतिनिधि शिवनंदन कुजुर व उदय यादव के साथ चोटिया टोल प्लाजा के पास वन अमला अधिकारियों से मिलने पहुंचे। विधायक ने हाथियों से निपटने व ग्रामीणों की सुरक्षा करने की रणनीति बनाई।

## अंचल में हुआ साड़ी वॉक थान का अनूठा आयोजन

कोरबा। कोरबा जिले में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की कोरबा शाखा द्वारा पारंपरिक भारतीय परिधान साड़ी को बढ़ावा देने हेतु, घरेलू महिलाओं को पैदल चलने के प्रति जागरूक करने और महिला सशक्तिकरण के लिए साड़ी वॉक थान का अनूठा आयोजन किया गया। जिसमे महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं में पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली, फिट रहने और महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए यह अनूठा आयोजन किया गया। इस अनूठे आयोजन साड़ी वॉक थान की शुरुआत ट्रांसपोर्ट नगर स्थित टैगोर उद्यान से हुई। जिसके बाद मुख्य मार्ग से होते हुए सीएसईबी चौक से वापस टैगोर उद्यान में वापस आकर इस आयोजन समाप्ति की घोषणा की गयी। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की कोरबा शाखा सदस्यों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य कोरबा की महिलाओं को एकत्रित कर उन्हें हमारे भारतीय पारंपरिक पोशाक साड़ी के महत्व से भी अवगत कराना था, महिलाएं साड़ी में भी हर कार्य कर सकती हैं इसलिए इस साड़ी वॉक थान का आयोजन किया गया।

## शा.उ.मा.विद्यालय मिशन रोड कोरबा के नवनिर्मित भव्य शाला भवन का लोकार्पण



**कोरबा।** शा.उ.मा.विद्यालय मिशन रोड कोरबा के नवनिर्मित भव्य शाला भवन का लोकार्पण विद्यालय परिसर में राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस मौके पर कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत गेस्ट ऑफ ऑनर, महापौर राजकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता में तथा सभापति श्याम सुंदर सोनी, एसईसीएल बिलासपुर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ. प्रेम सागर मिश्रा, पार्षद एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, एमआईसी सदस्य एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान, एमआईसी सदस्य संतोष राठौर, पार्षद धरम निर्मले, दिनेश सोनी, संतोष लांझेकर, रूपसिंह, एल्डरमेन बच्चू मखवानी, सनत दिवान आदि के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न होगा।

उक्त विद्यालय में शिक्षा सत्र 1978-1979 में अध्ययनरत विद्यार्थी बोधसिंह ठाकुर ने बताया कि आज से 02 वर्ष पूर्व 18 मार्च 2021 को उक्त विद्यालय परिसर में नवीन भव्य स्कूल बनाने के लिए राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने भूमिपूजन किया था तब इस स्कूल में अध्ययनरत पूर्व विद्यार्थी एवं पूर्व शिक्षकगण भारी संख्या में उपस्थित हुए थे और वर्षो बाद उसी परिसर मे एक दूसरे से मुलाकात का अवसर मिला तब सभी अत्यंत भावुक हो गये थे। पुरानी यादें ताजा हो गयी थी। आज फिर एक बार पुरानी सहपाठी बंधु और हमारे गुरुजनों से भेंट होगी। हम सभी इस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पूर्व छात्र श्यामल मल्लिक ने बताया कि 80 के दशक मे हमने संसाधनों के अभाव मे शिक्षा ग्रहण किया है लेकिन जयसिंह अग्रवाल के छात्र संगठन के चुनाव में अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद जयसिंह अग्रवाल के प्रयास से स्कूल को बेंच-डेस्क और 03 अतिरिक्त कमरों की प्राप्ति हुई और आज स्कूल परिसर में जयसिंह अग्रवाल के सफल प्रयास से 07 करोड़ की लागत से भव्य नवीन शाला भवन बनकर तैयार जिसका आज लोकार्पण होने जा रहा है।

पूर्व छात्र शिवबहादुर सिंह ने बताया कि 1980 में कक्षा 11वीं में छात्र संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद के चुनाव लड़ा और भारी मतो के अंतर से चुनाव में जीत दर्ज की । 1996 में साडा के अध्यक्ष बने तथा 2008, 2013 और 2018 में कोरबा विधानसभा से विधायक के रूप अपनी सेवाएं दे रहे है। 2014 में उनकी धर्मपत्नी रेणु अग्रवाल महापौर चुनी गई। इस दौरान समय-समय पर इस स्कूल को जीर्णोद्धार के लिए कार्य किये जाते रहे है। आज हमें गर्व है कि हमारे स्कूल का सम्पूर्ण जीर्णोद्धार का कार्य पूरा हुआ। जयसिंह अग्रवाल से मोबाईल पर बात कि गई तब उन्होंने कहा कि जिस स्कूल से मैंने पढ़ाई की और छात्र संघ के जरिए राजनीति का सफर शुरू किया, उस स्कूल के लिए एक भव्य भवन बनवा कर मैं बेहद खुश और संतुष्ट हूँ। कोरबा का हर क्षेत्र में विकास हो, इसका प्रयास मैंने किया हैं। हमारी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम किया है। स्वामी आत्मानंद विद्यालय इसका एक बड़ा उदाहरण है।

## तीज पर्व पर कोरवा महिलाओं को मानव सेवा मिशन ने किया साड़ी व श्रृंगार सामग्री वितरण



कोरबा । बालको संयत्र में कार्य करने वाले युवाओं की समाजसेवी संस्था मानव सेवा मिशन ने देवपहरी रोड पर निवासरत ग्राम दूधीटांगर, छातीबहार, सरई टिकरा के सभी पहाड़ी कोरवा महिलाओं को तीज पर्व पर साड़ी एवं श्रृंगार सामग्री का वितरण किया।तीज पर्व पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं नई साड़ियां धारण कर वर्त रखती हैं और बड़े खुशी के साथ इस पर्व को मनाती हैं, हालांकि पहाड़ी कोरवा महिलाएं इस पर्व को नही मनाती लेकिन मिशन के सदस्यों ने इस पर्व पर अपनी खुशी को साझा करने के लिए अपने पूर्व अनुभव को ध्यान में रखते हुए कोरवा जनजाति की महिलाओं को नई साड़ी एवं श्रृंगार सामग्री का वितरण किया।

समाजसेवी संस्था मानव सेवा मिशन ने अपने सेवा कार्यों से कोरबा जिला ही नही वरन पूरे छत्तीसगढ़ में समाज सेवा के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई है। कोरोना काल में जरूरतमंद ग्रामीणों को सुखा राशन वितरण करने के लिए बनाई गई इस संस्था ने कोरोना के बाद भी लगातार कोरबा जिले के जरूरतमंद लोगों तक पहुंच कर उनकी हर संभव सेवा की है। इस संस्था के सभी युवा बालको में कार्यरत हैं और संयत्र में प्राप्त अपनी जवाबदारियों को पूरा करने के पश्चात सेवा कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते हैं। मानव सेवा मिशन परिवार में बालको में कार्य करने वाले युवाओं के अलावा कोरबा और अन्य जिलों से सेवा भावी लोग जुड़कर लगातार सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इनके सेवा भाव से प्रभावित होकर पूर्व में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष रहे धरम लाल कौशिक ने स्वयं बालको पहुंच कर सम्मानित कोरोना योद्धा का सम्मान कोरोना काल में प्रदान किया था, समाज सेवा के लिए राज्य स्तर पर युवा प्रतिभा सम्मान एवं राजीव युवा मितान क्लब की ओर से जिला स्तरीय सम्मान प्रदान किया गया है।इस बार सेवा कार्य में मानव सेवा मिशन के केशव चन्द्रा, राजेश धीवर, संजय विजयवर्गीय, दिनेश पृथ्वीकर, योगेश पटेल, नारायण चन्द्रा, पुष्पा चन्द्रा, सीमा विजयवर्गीय, माधुरी चन्द्रा, रागिनी धीवर, अन्नपूर्णा चन्द्रा, रेणुका धीवर एवं पूर्वी धीवर उपस्थित रहे। साथ ही सेवा कार्यों में मानव सेवा मिशन के सक्रिय सदस्य अमर पटेल, अशोक पटेल, कमलेश बोहरपी, प्रभात शुक्ला, मनोज सिंह, शैलेंद्र जायसवाल, लिलेश्वर शर्मा अपना महत्वपर्ण योगदान दे रहे हैं।

## श्रमिकों का सम्मान

कोरबा । 17 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाती है। इसी क्रम में कोसाबाड़ी मंडल ने रविवार को रिसदी क्षेत्र के सामुदायिक भवन में श्रमिक बंधुओ का सम्मान किया। साथ ही उनको भारतीय जनता पार्टी की श्रमिकों के हित में किए जाने वाले कार्य को बताया। उनके लिए चालू की गई जीवन बीमा योजना के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर मोबाइल एप के माध्यम से श्रमिकों का आयुष्मान कार्ड बनाकर उनको उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा के साथ जोगेश लांबा, नवदीप नंदा, अजय चंद्रा, ज्योति वर्मा, मंजू सिंह, सुमन सोनी, रमा मिरी, निर्मला चक्रधारी, प्रकाश अग्रवाल, राजेश सोनी, चंदन सिंह, दौलत राम चक्रधारी, बलदेव दीवान, मिलन दास के साथ रिसदी क्षेत्र के आम नागरिक व श्रमिक उपस्थित रहे।

## जिनके करोड़ो जन्मों के सतकर्म इक्कठा हो जाते है उन्हीं को मिलता है भागवत कथा सुनने का अवसर :देवकी नंदन

### कटघोरा के स्टेडियम परिसर में उमड़ रही भीड़





कोरबा। जब मनुष्य के लाखों जन्मों के के सत्कर्म इकट्ठा हो जाते हैं उन्हीं को भागवत सुनने का फल प्राप्त होता है देवकीनंदन ठाकुर महाराज के सानिध्य में 16 से 22 सितंबर 2023 तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन स्टेडियम ग्राउंड, हाईस्कूल परिसर, गोकुल धाम के पास कटघोरा, छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है।श्रीमद भागवत कथा के द्वितीय दिवस की शुरुआत विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई। जिसके बादे भक्तों को 'जब होव सच्चा प्यार क्यों न मिले कन्हैया' भजन का श्रवण कराया।कुछ लोग कहते हैं कि भगवान मिलेंगे कि नहीं मिलेंगे, मन में विश्वास एक चीज का रखो अगर तुम्हारे दिल प्रेम सच्चा है तो भगवान का वचन भी सच्चा हुई। भगवान का वचन है कि जिस भाव से तुम मुझे याद करते हो उसी भाव से में तुम्हारा स्मरण करूँगा। इसका प्रमाण है कि रावण और कंस को शत्रु के रूप में मिले भगवान, ध्रुव, प्रह्लाद को स्वामी के रूप में मिले भगवान। आप भी जिस भाव से भगवान् की भक्ति करोगे उसी भाव से भगवान आपको मिलेंगे।हमें जिस चीज का मोल पता न हो उसे हम हल्के में ले लेते हैं और जिसका हमें मोल पता हो उसकी हम वैल्यू समझते हैं।

मनुष्य को कभी भी किसी के भी घर खाली हाथ नहीं जाना चाहिए। शास्त्रों में किसी के घर खाली हाथ जाना अपशगुन बताया गया है। व्यक्ति को अपने घर भी कभी खाली हाथ नहीं जाना चाहिए।

जिनके करोड़ों जन्मों के सत्कर्म इकट्ठा हो जाते हैं उन्हीं को भागवत सुनने का फल प्राप्त होता है। 84 लाख योनियों में से मनुष्य ही ऐसा है जो भगवान के धाम पहुंच सकता है। इसलिए मनुष्य योनि भगवान को प्रिय है। क्यूंकि आत्मा को परमात्मा तक पहुंचाने का कार्य मनुष्य योनि में ही हो सकता है।

## एनटीपीसी में विराजे भगवान विश्वकर्मा, हुआ पूजा अर्चना



**कोरबा ।** वास्तु शिल्पकार भगवान श्री विश्वकर्मा का एनटीपीसी कोरबा में भव्य पूजा अर्चना किया गया। इस कार्यक्रम को सभी कर्मचारियों अधिकारियों ने एक साथ मनाया कार्यक्रम के मुख्य तिथि माननीय श्री बी आर राव मुख्य महाप्रबंधक ,जीएम श्री अनूप मिश्रा जीएम श्री साठे जीएम श्री भट्टाचार्य जीएम ओ एंड प्रचालन श्री एस मधु , जीएम श्री लोकेश महेंद्रा एवं एनटीपीसी के एडिशनल सेंट्रल लीडर माननीय श्री के प्रचंदवंशी के द्वारा पूजा अर्चना किया गया। भगवान श्री विश्वकर्मा से यही आशीर्वाद मांगा गया कि कोरबा एनटीपीसी का जनरेशन लगातार हो कोई विघ्न बाधा ना आए एवं सभी कर्मचारी ,अधिकारीगण सुखमय ढंग से रहे।

## हिन्दी व ओजोन दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन



**कोरबा ।** लायंस इंग्लिश स्कूल सीतामढ़ी में विश्व हिन्दी दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस के तहत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायन श्रीकांत बुधिया चेयरमेन लायंस क्लब कोरबा ट्रस्ट व अध्यक्षता क्लब अध्यक्षा लायन मीना सिंह, स्कूल चेयरमेन एमजेएफ लायन राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), लायन कामायनी दुबे, लायन मधु पाण्डेय, लायन शहनाज शेख, लायन रमेश शर्मा, लायन भगवती अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित की गई।

हिन्दी दिवस के तहत चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 8वी. से शैली महतो प्रथम, प्रार्थना साहू एवं अनन्या गुप्ता द्वितीय, दीपिका श्रीवास तृतीय एवं भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 10वी. पूनम अहिरवार प्रथम, कक्षा 9वी. प्रियांश शर्मा द्वितीय, कक्षा 12वी. दिशा अग्रवाल तृतीय तथा अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस के तहत चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 11वी. अंजली गुप्ता प्रथम, कक्षा 9वी. से वंशिका गुप्ता द्वितीय व तनिष्ठा कुर्रे ने तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लायंस क्लब कोरबा द्वारा मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया, एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य श्री जी.आर. हंस, सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## अनमोल वचन

छल करोगे तो छल मिलेगा, आज नहीं तो कल मिलेगा
अगर जियोगे जिंदगी सच्चाई से, तो सुकून हर पल मिलेगा !

# रहस्य और रोमांच से भरा संसद सत्र!

ऐसा लगता है कि नरेंद्र मोदी की सरकार को रहस्य और रोमांच बहुत पसंद है। तभी सरकार अपने फैसले को, अपने एजेंडे को आखिरी समय तक रहस्य बना कर रखती है और एकदम से सबको चौंका देती है। सरकार का यह आचरण उसके अपने कामकाज में दिखता ही है संसद सत्र में भी दिखता है। अन्यथा कोई कारण नहीं था कि सरकार संसद का विशेष सत्र बुलाए और उसका एजेंडा इतना गोपनीय रखे की किसी को उसकी जानकारी न हो। विपक्ष की ओर से बार बार सवाल उठाए जाने के बाद सरकार ने विशेष सत्र का एक एजेंडा बताया है लेकिन इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि विशेष सत्र उसी एजेंडे को पूरा करने के लिए बुलाया गया है, जो सरकार ने बताया है। 18 सितंबर से शुरू हो रहे सत्र में कुछ चौंकाने वाली चीज होगी।सरकार कह रही है कि लोकतांत्रिक प्रणाली की 75 साल की यात्रा और इसकी उपलब्धियों पर चर्चा होगी और चार सामान्य विधेयक पास कराए जाएंगे, जिसमें एक विधेयक चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़ा है। लेकिन असली एजेंडा कुछ और लगता है। वह क्या होगा यह किसी को पता नहीं है। पता नहीं सरकार में शामिल मंत्रियों और बड़े अधिकारियों को भी पता है या नहीं। लेकिन जो भी होगा चौंकाने वाला है। असल में सरकार ने पक्ष-विपक्ष और देश के नागरिकों को चौंकाते रहने का फैसला किया हुआ है। याद करें कैसे संसद के पिछले यानी मानसून सत्र समाप्त होने से एक दिन पहले चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का बिल आ गया था। किसी को अंदाजा नहीं था कि सरकार यह बिल ले आएगी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक कमेटी बनाई थी और कहा था कि जब तक कानून नहीं बनता है तब तक यह कमेटी चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करेगी। सरकार नहीं चाहती है कि यह कमेटी नियुक्ति करे। तभी यह कानून लाया गया। लेकिन अगले साल फरवरी तक कोई नियुक्ति करने की नौबत ही नहीं आने वाली है। इसलिए अचानक मानसून सत्र के आखिर में बिल पेश करने की जरूरत नहीं थी। पर सरकार ने बिल पेश कर दिया और अब विशेष सत्र में उसे पास कराएगी। इससे पहले कितने और मौकों पर संसद में सरकार ने सबको चौंकाया है। किसी को अंदाजा नहीं था कि सरकार आईपीसी, सीआरपीसी और इविडेंस एक्ट बदलने जा रही है। अचानक तीन बिल संसद में पेश किए गए और उसके बाद गृह मामलों की स्थायी समिति को भेज दिया गया। इससे पहले जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को खत्म करने का काम भी सरकार ने अचानक किया था। 2019 के मानसून सत्र में एक दिन अचानक गृह मंत्री ने इसे सदन के सामने रख दिया। नागरिकता संशोधन कानून भी इसी तरह एक दिन अचानक संसद के सामने पेश हो गया था। इसलिए विशेष सत्र में किसी चौंकाने वाली घटना के लिए तैयार रहने की जरूरत है।

## राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज सरकारी संस्थान से जुड़े लोगों का दिन अच्छा रहेगा, जबकि प्राइवेट काम करने वाले लोगों का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको ऑफिस में एक्सट्रा काम करना पड़ सकता है।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप किसी ट्रिप की प्लानिंग कर सकते हैं। आप उन्हें कोई गिफ्ट दे सकते हैं, आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आप अच्छे काम में अपना सहयोग दे सकते हैं, इससे समाज में आपका नाम होगा।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए बढ़िया है। आज किसी प्रॉपर्टी डीलर से आपकी मुलाकात हो सकती है। आप किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने के बारे में सोच सकते हैं। दोस्त की मदद से आपको किसी अच्छी कम्पनी में नौकरी मिलने के योग हैं।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आप पिता का कोई जरूरी काम पूरा करने में सफल होंगे। पिता को आप पर गर्व होगा। छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आप किसी नये कोर्स के बारे में सोच-विचार कर सकते हैं। आज आपको बड़े भाई-बहनों से पूरा सहयोग मिलेगा। नौकरी कर रहे लोगों को आज काम करने में आसानी होगी

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके पास नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं, घर के सहयोग से आप हर काम को अच्छे से संभाल लेंगे। आप घर में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी भी करवा सकते हैं। आस-पड़ोस के लोग आपको देखकर खुश होंगे। कोई व्यक्ति आपसे अपने बच्चों के करियर के लिए सलाह ले सकता है,आप उन्हें निराश नहीं करेंगे।

कन्या राशि-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप किसी धार्मिक कार्य में रुचि लेंगे। ऑफिस का कोई व्यक्ति आपके घर पर आ सकता है, उनके साथ आप कुछ बातें शेयर कर सकते हैं। बच्चे किसी काम में आपकी मदद ले सकते हैं, आप बच्चों का पूरा सहयोग करेंगे।

तुला राशि-आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको अपनी कार्य कुशलता को बढ़ाने की जरूरत है। आज आप करियर को लेकर कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। नए कोर्स में एडमिशन के लिए आपको ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ेगी। आज आप जीवनसाथी व बच्चों के साथ शॉपिंग के लिए जाएंगे।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक रहेगा। आज बच्चों के किसी काम में आपका ज्यादा खर्च हो सकता है। काम के मामले में आपको अनुभवी लोगों से सम्पर्क बढ़ाने की जरूरत है। आप पूरी मेहनत के साथ आगे बढ़ेंगे, आपको काम में सफलता मिलेगी। किसी की कही-सुनी बातों पर विश्वास करने से आपको बचना चाहिए।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। अगर आप किसी से अपने दिल की बात कहना चाहते हैं तो आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आप अपने काम में पूरी एकाग्रता से करेंगे। जो लोग शादीशुदा है, वो आज कहीं घूमने जा सकते हैं। आपका समय बहुत अच्छा बीतेगा। लोहे के कारोबारियों को अच्छा फायदा होगा।

मकर राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज के दिन आपको काम में बड़ी ही सतर्कता बरतनी होगी। इस राशि की जो महिलाएं बिजने फील्ड से जुड़ी हैं उनके लिए आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं। फल से जुड़े बिजनेस कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा, आय में वृद्धि होगी।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज जीवनासाथी से बिजनेस की कोई बात शेयर करने से काम को लेकर आपको कोई अच्छी सलाह मिलेगी। बच्चे आज किसी स्पोर्ट्स एक्टिविटी में भाग ले सकते हैं। आज आप किसी बात में बेवजह उलझे रहेंगे। काफी समय से जॉब की तलाश कर रहे लोगों को किसी कंपनी से जॉब ऑफर आएगा।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप कोई नया बिजनेस शुरू करने के बारे में सोच सकते हैं। आपको घर के बड़ों से पूरा सपोर्ट मिलेगा, आर्थिक रूप से पिता आपकी मदद करेंगे। परिवार में लोगों के बीच अच्छा तालमेल बना रहेगा। शाम को आप परिवार के साथ किसी फंक्शन में जा सकते हैं।

# सनातन धर्म के स्वघोषित पर्याय की पगड़ी

//पंकज शर्मा//

**नरेंद्र भाई अपने को सनातन धर्म के पर्याय की तरह पेश करने में लग गए हैं। वे माहौल बना रहे हैं कि सनातन संस्कृति की धार्मिक ध्वजा तब बचेगी, जब उनकी राजनीतिक पगड़ी बचेगी। ये आठ महीने सनातन संस्कृति के लिए बहुत खतरे के हैं। अगर इन आठ महीनों में सनातन धर्म की रक्षा नहीं हो पाई तो वह हमारी पृथ्वी से लुप्त हो जाएगा।..मैं ने बड़े-बड़े गालबजाऊ देखे हैं, लेकिन गाल-वाद्य का इतना संजीदा, इतना मुग्ध और इतने भीतरी विश्वास से भरा साधक और कोई नहीं देखा।**

अगर आप सोच रहे हैं कि नरेंद्र भाई मोदी अपने पैरों के नीचे से कालीन आसानी से खिसक जाने देंगे तो आप को मतिभ्रम हो रहा है। लेकिन अगर नरेंद्र भाई को लगता है कि सत्ता का कालीन उनके पैरों से ऐसा लिपट गया है कि वे खुद भी उसे लाख झटकें तो भी वह उन से दूर नहीं होगा तो उन्हें भी मतिभ्रम हो रहा है। बाम-ए-हुकूमत पर हर रोज़ उतर रहे कबूतरों के पैरों से बंधे ख़तों में यक-सा संदेश लिखा दूर से ही नज़र आ रहा है कि 'पगड़ी संभाल जट्टा, पगड़ी संभाल'।

दोनों को अपनी-अपनी पगड़ी संभालनी है। नरेंद्र भाई को भी और जनता को भी। नरेंद्र भाई की पगडी बची तो जनता की पगड़ी उछल जाएगी और जनता की पगड़ी बची तो नरेंद्र भाई की। सो, अभी आठ महीने हमारा देश पगड़ी-पगड़ी खेलेगा। जनता ने गांठ बांध ली है कि वह अपनी पगड़ी इस बार किसी भी हाल में नीचे नहीं लुंढ़कने देगी। अब तक अपना-तेरी मचा रहे विपक्षी ऊधमियों को इसी दबाव के चलते प्रौढ़ता दिखानी पड़ रही है। नरेंद्र भाई की भी हठ है कि अपनी पगड़ी का तुर्रा हर कीमत चुका कर भी कायम रखेंगे। इसलिए वे भी हर ज़रूरी-ग़ैरज़रूरी मौक़े पर कुलांचे भरने में कोई कोताही नहीं कर रहे हैं।

इसी का नतीजा है कि आवर्ती जी-20 सम्मेलन की सफल मेजबानी की ख़ुशी में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय में आयोजित-प्रायोजित कार्यक्रम में नरेंद्र भाई के तो पैर ज़मीन पर ही नहीं पड़ रहे थे। साथ-साथ, मगर हलका-सा पीछे, चल रहे भाजपा-अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के पैरों से भी घुघरुओं की आवाज़ आ रही थी। बेचारे अमित भाई शाह और राजनाथ सिंह को सुरक्षा दस्ते ने दूसरे दरवाज़े से भीतर जाने का इशारा कर दिया था, सो, उनके पैर-तो-पैर, वे समूचे ही ज़मींदोज़-से दिखाई दे रहे थे। ज़श्न के संगीत में नरेंद्र भाई और पूरी भाजपा पूरी तरह भूल गई कि चंद घंटे पहले कश्मीर में फ़ौज और पुलिस के कितने अधिकारी आतंकवादियों से मुठभेड़ में शहीद हुए हैं?

चूंकि अपनी पगड़ी की रक्षा लगातार और ज़रूरी होती जा रही है, नरेंद्र भाई के मन में सनातन धर्म की रक्षा की चिंता भी लगातार बढ़ती जा रही है। वे उत्तर भारत के अपने सरकारी कार्यक्रमों तक में यह बताने पर पूरा ज़ोर लगा रहे हैं कि दक्षिण भारत के एकाध चलताऊ राजनीतिक की कही बातों से कैसे छह हज़ार साल पुरानी सनातन संस्कृति बहुत गंभीर खतरे में पड़ गई है। नरेंद्र भाई अपने को सनातन धर्म के पर्याय की तरह पेश करने में लग गए हैं। वे माहौल बना रहे हैं कि सनातन संस्कृति की धार्मिक ध्वजा तब बचेगी, जब उनकी राजनीतिक पगड़ी बचेगी। ये आठ महीने सनातन संस्कृति के लिए बहुत खतरे के हैं। अगर इन आठ महीनों में सनातन धर्म की रक्षा नहीं हो पाई तो वह हमारी पृथ्वी से लुप्त हो जाएगा।

इसलिए अगर अगले साल की गर्मियों में आप को नरेंद्र भाई के सिर से सियासी पगड़ी गायब मिले तो आप समझ लीजिए कि सनातन धर्म ने हम से हमेशा के लिए विदा ले ली है। आप की आप जानें, मगर एक पक्का सनातनी होने के नाते मैं तो यह दृश्य देखने के लिए ज़िंदा नहीं रहना चाहता हूं। सनातन धर्म मुक्त संसार में जी कर मैं क्या करूंगा? और, जब नरेंद्र भाई सनातन धर्म के, स्वयंभू ही सही, पर्याय बन गए हैं तो या तो मैं अगले चुनावों में उन का समर्थन कर अपने जीवन-धर्म का पालन करूं या सनातन-लोप के पहले स्वयं के जीवन का लोप कर लूं। मुझे सचमुच इस बात पर गर्व होता है कि हम में से कोई खुद अपना ही पर्याय नहीं बन पाया और हमारे नरेंद्र भाई हैं कि संपूर्ण सनातन धर्म के पर्याय बन बैठे। स्वघोषणा की ऐसी हिम्मत बिरलों में ही होती है। मैं ने बड़े-बड़े गालबजाऊ देखे हैं, लेकिन गाल-वाद्य का इतना संजीदा, इतना मुग्ध और इतने भीतरी विश्वास से भरा साधक और कोई नहीं देखा। जिन्हें इस सूक्ति का जाप करना है कि 'अज्ञानता में ही परम आनंद निहित है', वे शौक़ से यह जाप करते रहें। अपने नरेंद्र भाई को इस तरह की बातों से फ़र्क़ पड़ता होता तो क्या वे प्रधानमंत्री बन जाते। आत्ममुग्धता और स्वघोषणा के गुणों ने ही उन्हें यहां तक पहुंचाया है। यही गुण उन्हें आगे भी, जहां ठीक समझेंगे, पहुंचाएंगे।

इस एक दशक में नरेंद्र भाई ने हमें जैसे देश-दुनिया के दर्शन कराए हैं, अगर उसके बाद भी हम उनके विश्वगुरु होने पर संदेह करते हैं तो हम से ज़्यदा कृतघ्न कौन होगा। एक आदमी एक दिन की छुट्टी लिए बिना दिन-रात आप के लिए लगा हुआ है; मित्र-मंडली का भले सोचता हो, मगर घर-बार का तो कम-से-कम कतई नहीं सोचता; जिसने सर्वस्व आप पर न्यौछावर कर रखा है; उसके प्रति भी अगर आप के मन में सद्भाव के अंकुर नहीं फूटते है तो क़िस्मत उसकी नहीं, आप की फूटी हुई है। आप अभागे हैं कि हीरे को कोयला समझ रहे हैं।

जितना इन दस वर्षों में हुआ, उतना कभी हुआ था क्या? मगर आप हैं कि नेहरू और इंदिरा गांधी के ज़माने की यादों से आगे ही नहीं बढ़ पा रहे हैं। इस दशक की तरक्क़ी के तमाम सरकारी आंकड़े आपके सामने हैं। विकास-दर तेज़ी से बढ़ रही है। रोज़ाना मीलों लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग बन रहे हैं। चप्पे-चप्पे पर विमानतल बन गए हैं। बूंद-बूंद पर बंदरगाह बन चुके हैं। पटरी-पटरी पर वंदेभारत रेलें दौड़ रही हैं। 80 करोड़ लोगों को मुफ़्त राशन मिल रहा है। जन-धन खातों में धन बरस रहा है। हर घर में प्रसाधन कक्ष बन गए हैं। खेत खाद-बीज-पानी से लबालब हैं। ज़रूरी वस्तुओं के दाम पहले कभी इतने कम नहीं थे। युवाओं के सामने रोज़गार के अंबार लगे हैं।

शेयर बाज़ार आसमान छू रहा हे। क्रिकेट मैच के मैदानों में भीड़ संभाले नहीं संभल रही। शॉपिंग मॉल दिन-रात जगमगा रहे हैं। मगर आप हैं कि सरकारी आंकड़ों का गुदगुदा गद्दा बिछा कर सोने को तैयार ही नहीं हैं। वह आप को काटता है। आप अपने आंकड़े लिए विचार रहे हैं। मैं कहता हूं कि एक बार आप नरेंद्र भाई के बताए आंकड़ों को खा कर देखिए, पी कर देखिए और उन से ज़रा स्नान कीजिए। फिर आप की सारी थकान दूर हो जाएगी। आप एक दूसरे ही तरंग-लोक में पहुंच जाएंगे। जहां न ग़म होगा, जहां न आंसू होंगे, जहां बस परमानंद ही परमानंद बहेगा। मगर मैं जानता हूं कि आप ढीठ हैं। आप यह बात मानेंगे नहीं। आप मीनमेख निकाले बिना रहेंगे नहीं। आप खुरपेंच किए बिना बाज़ नहीं आएंगे। आप किसी-न-किसी तरह नरेंद्र भाई की पगड़ी को निशाना बनाने पर तुले हुए हैं। दस बरस में आप का हर लमहा इसी उधेड़बुन में बीता है कि नरेंद्र भाई की पगड़ी कैसे उछालें। देसी-परदेसी भूमि से आप ने इसके लिए हर तरह के बल्लम-भाले फेंक कर देख लिए। मगर नरेंद्र भाई की पगड़ी अब तक सलामत है। नरेंद्र भाई को दृढ़ विश्वास है कि उनकी पगड़ी आजीवन सलामत रहेगी। मैं देखने को बेताब हूं कि देश की पगड़ी महफ़ूज़ रहती है या नरेंद्र भाई की! मैं देखने को तरस रहा हूं कि इन आठ महीनों में नरेंद्र भाई देश की पगड़ी को अपनी पगड़ी में तब्दील करते हैं या अपनी पगड़ी को देश की पगड़ी बनाने में ही लगे रहते हैं! अब सारा दारोमदार इसी एक मुद्दे पर है।

# लीबिया पर प्रकृति का 9/11

//श्रुति व्यास//

**क्या होता है जंग में पहले से बर्बाद मुल्क पर कुदरत की कहर का संपूर्ण विनाश। जैसा कि अभी लीबिया के डेरना शहर के विनाश के फोटो से झलकता हुआ है! शुक्रवार को मोरक्को जहां धरती के कांपने की वजह से बर्बाद हुआ वहीं सप्ताहंत में लीबिया में आफत आसमान के रास्ते आई। तूफ़ान डेनियल, जिसने भूमध्यसागर पार करने के पहले ग्रीस में विनाश की झलकी दिखाई वही जब वह डेरना शहर में पहुंचा तो उसने एक-चौथाई शहर को समंदर में डुबो दिया। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक 5,300 मौतों की पुष्टि हो चुकी है इस संख्या में अच्छी खासी बढ़ोत्तरी होने, यहां तक कि इसके दोगुना हो जाने तक की संभावना है। डेरना के मेयर अब्दुलमेनाम अल-घाईति ने सऊदी अरब के अल अरेबिया चैनल को बताया है कि शहर में हुई मौतों की संख्या 18,000 से 20,000 तक होने का अनुमान है। यह अनुमान बाढ़ में नष्ट होने वाले इलाकों के आधार पर लगाया गया है। सभी शवगृह पूरे भरे हुए हैं, लाशें खुले में पड़ी हैं और राहतकर्मियों ने और बॉडीबैग्स की मांग की है।**

इसे लीबिया का 9/11 कहा जा रहा है। लेकिन इस आपदा के लिए केवल प्रकृति को ज़िम्मेदार ठहराना ठीक नहीं है। यह राजनीति और राजनीतिज्ञों की विफलता है। सन् 2011 में पश्चिम के समर्थन से हुए खूनी तख्तापलट में मुअम्मर अल-गद्दाफ़ी को हटाए जाने के बाद देश पर मुख्यतः दो प्रतिद्वंदी गुटों का राज रहा है ङ्क एक का त्रिपोली से और दूसरे का तुबरूक से। दोनों को ही देश से बाहर की ताकतों के दो परस्पर विरोधी समूहों का समर्थन हासिल रहा।इनमें तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, मिस्त्र और रूस का वेगनर ग्रुप शामिल हैं। गद्दाफी के हटने के बाद से इन दोनों गुटों ने अपनी-अपनी स्थिति मज़बूत कर ली है। देश के पश्चिम में कार्यरत गर्वमेंट ऑफ नेशनल यूनिटी के मंत्री मिलिशिया द्वारा नियुक्त किए गए है। पूरब में लीबियन नेशनल आर्मी के निरंकुश प्रमुख जनरल खलीफा हफ्तार ने सत्ता पर पूरी तरह काबिज़ होने का जो अभियान चलाया, उसके अंतर्गत अधिकांश अधिकारियों की नियुक्ति हफ्तार और उनके सहयोगियों ने की। सन् 2020 से इन दोनों 'सरकारों' के बीच जबरदस्त जंग चल रही है। इसमें न केवल निर्दोष नागरिक मारे गए हैं बल्कि इंफ्रास्ट्रक्चर भी या तो नष्ट हो गया है या जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है। डेरना शहर इस सबके केन्द्र में रहा है। इस्लामिक कट्टरपंथियों का केन्द्र माने जाने वाले इस शहर ने गद्दाफी की मौत के बाद से बहुत तबाही झेली। सन् 2014 में शहर के कुछ हिस्सों पर आईएसआईएस का कब्जा हो गया था। मगर सन् 2016 में हफ्तार ने उस पर दोबारा कब्जा कर लिया। हफ्तार को इस्लामिक कट्टरपंथियों से नफरत है और इसलिए उन्होंने ऐसे समूहों का जड़मूल से सफाया कर दिया। लेकिन इंफ्रास्ट्रक्चरमें किसी ने निवेश नहीं किया। जिन बांधों की वजह से यह अभूतपूर्व विनाश हुआ, उनका टूटना तय था। सन् 1970 के दशक में युगोस्लाविया की एक कंपनी द्वारा बनाए इन बांधों की जर्जर स्थिति के बारे में सन् 2022 में छपे एक लेख में चेताया गया था। यह हिसाब भी लगाया जा चुका था कि ये कितने पानी का झेल पाएंगे और वहां की भौगोलिक स्थिति के चलते अगर बाँध फूटे तो पानी बहकर कहां जा सकता है। लेकिन लापरवाही की कोई इंतेहा न थी। तूफान डेनियल जब डेरना शहर के नजदीक आया तो बताया जाता है कि मेयर ने जनरल खलीफा हफ्तार, जिनका पूर्वी लीबिया पर राज है, से शहर को खाली करने में मदद मांगी। लेकिन उनके अनुरोध को ठुकरा दिया गया। जब बांधों में पानी का स्तर बढ़ रहा था तब किसी से भी शहर छोड़ने को नहीं कहा गया।

उपग्रह से ली गईं तबाही के पहले और बाद की तस्वीरों से पता चलता है कि कई भवन गायब हो गए हैं। पुल बह गए हैं। मतलब चाहे मकान हों या लोग। सबको पानी निगल गया। विनाश इतना भयानक था कि समंदर से मानव शव बाहर निकल रहे हैं। इस बीच जो विदेशी लीबिया की मदद करना चाहते हैं उनके आगे बाधाएहै। देश के एक इलाके में जारी किए गए वीजा दूसरे इलाके में वैध नहीं होंगे। कई सालों से जारी गृहयुद्ध के बाद कोई भी पक्के तौर पर यह बताने की स्थिति में नहीं है कि कितने लोगों को मदद की दरकार है। मरने वालों और लापता हुए लोगों की संख्या के सरकारी आंकड़े अनुमानों पर आधारित हैं। पूर्वी लीबिया के अन्य इलाकों में रहने वाले लोग डरे हुए हैं और सरकार ने उन्हें हिम्मत देने के लिए कुछ खास नहीं किया है। गत 12 सितंबर को हफ्तार के प्रवक्ता ने चेतावनी दी की बेनगाजी शहर के पास एक दूसरा बांध टूटने की कगार पर है। उसने शहर के निवासियों से शहर छोड़ने का अनुरोध किया। इसके कुछ ही घंटों बाद लोगों से कहा कि सब कुछ नियंत्रण में है। ऐसी खबरें हैं कि डेरना की दुर्दशा अपनी आंखों से देखने के बाद भी हफ्तार का दिल नहीं पसीजा।लम्बे समय तक अक्षम नेतृत्व की वजह से एक दुष्ट देश और दुष्ट बन गया है। लीबिया के एक देश के रूप में दुनिया के नक्शे पर बने रहने की उम्मीद बहुत कम है। युद्ध तो नहीं मगर कुदरत का कहर उसे ख़त्म कर देगा। जलवायु संबंधी चेतावनी देने वालों का कहना है कि हालांकि भूमध्यससागरीय क्षेत्र में तूफान कम ही आएंगे लेकिन वे जब भी आएंगे भयानक होंगे। और यदि लीबिया जैसे देशों की ऐसी विकट राजनैतिक स्थिति होगी, तो उनके लिए अपना अस्तित्व बचाए रखना संभव नहीं होगा।

## चोरी चोरी- चुपके चुपके!

पश्चिमी देशों के लिए मानव अधिकार जैसी बातें हमेशा विदेश नीति के मकसद साधने की औजार रही हैं। आज की बदलती भू-राजनीति और विश्व शक्ति संतुलन में भारत की जो हैसियत है, उसके बीच वे इस हथियार को चलाने में अनिच्छुक हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन नई दिल्ली में उन शर्तों के दायरे में रहे, जो भारत सरकार की तरफ से उन्हें बताया गया था। लेकिन जब वे वियतनाम पहुंचे, तो वहां बड़े गोलमोल अंदाज में बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत के दौरान 'मानव अधिकारों के सम्मान और एक मजबूत एवं समृद्ध देश के निर्माण में नागरिक समाज और स्वतंत्र की भूमिका के महत्त्व' पर चर्चा की, 'जैसाकि वे हमेशा करते हैं'। इन निराकार बातों से मोदी के लिए कितनी असहज स्थिति पैदा हुई होगी, इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। आखिर विश्व मंचों पर ऐसी अमूर्त बातें मोदी भी दोहराते रहते हैं। दरअसल, भारत की अध्यक्षता में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन के घोषणापत्र में भी धार्मिक सहिष्णुता और सामाजिक सद्भाव की आवश्यकता की भरपूर चर्चा की गई है। बहरहाल, यह अपेक्षा अपने-आप में गलत सोच पर टिकी है कि अमेरिका या किसी दूसरे देश के नेता को अपनी भारत यात्रा के दौरान ऐसे मसलों पर भारत सरकार के ऊपर दबाव डालना चाहिए।

इस सोच के पीछे यह परोक्ष समझ है कि पश्चिमी देश लोकतंत्र और मानव अधिकार के पहरेदार हैं। यह एक तरह से औपनिवेशक सोच में यकीन करने जैसी बात है। चूंकि ऐसी सोच का प्रभाव आज भी समाज में मौजूद है, तो हनोई में बाइडेन के दिए गए अहानिकर बयान से देश के एक हिस्से में उत्साह की लहर दौड़ गई है। यह एक तरह से भारतीय लोकतंत्र और संवैधानिक व्यवस्था की रक्षा में इस तबके की अपनी नाकामी को भी जाहिर करता है, जिसकी अब उम्मीदें अब विदेशी मदद पर जाकर टिक गई हैं। लेकिन इससे कुछ हासिल नहीं होगा। पश्चिमी देशों के लिए लोकतंत्र और मानव अधिकार जैसी बातें हमेशा विदेश नीति के मकसद साधने की औजार रही हैं। आज की बदलती भू-राजनीति और विश्व शक्ति संतुलन में भारत की जो हैसियत है, उसके बीच वे इस हथियार को चलाने में न सिर्फ अनिच्छुक बल्कि अक्षम भी हो गए हैं। इसलिए एक खास श्रोता वर्ग के लिए धीरे-धीरे कुछ ऐसा बोल जाते हैं, जिसे कोई सुन ना ले! जाहिर है, इन बातों का असल में कोई अर्थ नहीं होता।

## तस्वीरों की दुनिया




कोलकाता के हरिदेवपुर में कूड़े के ढेर में बम जैसी वस्तुएं मिलने के बाद बम स्क्वाड के कर्मी जांच कर रहे हैं।



लखनऊ में पीएम विश्वकर्मा योजना के शुभारंभ पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य.



वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाते हुए जलाभिषेक किया।



मसूरी के एक होटल में आग लगने के बाद उठता धुंआ।



भोपाल में पीएम विश्वकर्मा योजना के शुभारंभ के दौरान एक समारोह में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद के छात्रों के साथ।



भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्य नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस के रूप में मनाते हुए प्रतीकात्मक रूप से एक चाय की दुकान चलाते हुए।

# भोपाल को मिलेगी बड़ी सौगात, चुनाव के पहले शुरू हो सकती है मेट्रो, पहुंच चुके हैं कोच



**भोपाल, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**

शहरवासियों का मेट्रो को लेकर इंतजार अब खत्म हो गया है। दरअसल भोपाल मेट्रो के कोच को लेकर 106 पहिया का ट्राला रविवार देर रात भोपाल पहुंच गया। अब इन कोच को सोमवार सुबह सुभाष नगर डिपो पर क्रेन की मदद से ट्रैक पर उतारा जाएगा। मेट्रो के तीन कोच को लेकर तीन बड़े-बड़े ट्राला 12 सितंबर को गुजरात के सांवली, वड़ोदरा से रवाना हुए थे। जो कि छह दिन में करीब 600 किलोमीटर का सफर तय करते हुए रविवार शाम छह बजे भोपाल पहुंच गए थे। जिन्हें भारी वाहन प्रवेश वर्जित की वजह से मुबारकपुर टोल प्लाजा पर गांधीनगर से पहले सुरक्षित स्थान पर खड़ा कराया गया था।

जहां मौके पर पहुंचकर मेट्रो कोच का परीक्षण किया। 74 पहिया के दो ट्राला पर दो कोच, वजन 37 टन भोपाल सीमा में शाम छह बजे पहुंचने के बाद मेट्रो के तीन कोच यानि ट्रेन को लेकर आ रहे 74 -74 पहिया के दो ट्राला और एक 106 पहिया का ट्राला मुबारकपुर टोल प्लाजा पर खड़े थे।

जहां पर रात 11 बजे पहुंची टीम ने कोच के साथ आ रहे कर्मचारियों से बातचीत की तो पता चला कि 37 टन वजनी ट्राला को लगभग 20 की धीमी रफ्तार से गुजरात के सांवली बड़ोदरा से यहां तक लाया गया है। रास्ते में कहीं भी कोई दिक्कत नहीं आई, लेकिन शुक्रवार को तेज वर्षा होने के कारण इंदौर के राऊ में लगभग पांच घंटे ट्रालों को निकालने में लग गए हैं। यहां पर फ्लायओवर का काम चल रहा है।वड़ोदरा से रखी जा रही थी कोच पर नजर कर्मचारियों ने बताया कि हम कोच को लेकर 12 सितंबर को भोपाल के लिए रवाना हुए थे। अत्यंत सावधानी से हम कोच को लेकर भोपाल आए हैं। कंपनी ने एक तिरपाल ढंक कर दी थी, लेकिन कोई नुकसान न हो इसके लिए हमने अलग से और मजबूत तिरपाल ढंक दी थी। तीनों भारी वाहनों पर वड़ोदरा से कंपनी द्वारा जीपीएस के माध्यम से नजर रखी गई। जिससे सुरक्षा के साथ कोच सुभाषनगर डिपो भोपाल पहुंच पाएं। सुभाषनगर डिपो पर तैयारियां पूरी, परीक्षण के बाद होगा ट्रायल भोपाल मेट्रो ट्रेन के कोच को सोमवार सुबह करीब 10 बजे सुभाष नगर डिपो पर अनलोड किया जाएगा।

## युवती के घर में घुसा यूपी पुलिस का दारोगा गांव वालों ने रंगे हाथ पकड़ा और कर दिया नंगा

**आगरा।** बरहन थाने में तैनात दारोगा अपने ही हल्के (बीट) के गांव में देर रात एक घर में घुस गया। आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने दारोगा को नंगा कर पीटा और खंभे से बांध लिया। थाने की पुलिस के पहुंचने के बाद भी ग्रामीणों ने दारोगा को नहीं छोड़ा। दो घंटे बाद कार्रवाई का आश्वासन मिलने पर ग्रामीणों ने दारोगा को नग्न अवस्था में ही पुलिस के सुपुर्द किया। दारोगा की पिटाई के वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं। बरहन थाने में तैनात दारोगा संदीप कुमार रविवार रात करीब 11 बजे अपने हल्के के गांव में पहुंचा। ग्रामीणों के अनुसार, दारोगा नशे में एक घर में घुस गया, जिसके एक कमरे में युवती अकेली सो रही थी। दूसरे कमरे में माता-पिता सो रहे थे। दारोगा संदीप कुमार युवती के कमरे में घुस गया। शोर मचाने पर गांव के कुछ लोगों को इसकी जानकारी हो गई। इसके बाद उन्होंने दारोगा को आपत्तिजनक स्थित में पकड़ लिया। इसके बाद उसकी पिटाई शुरू कर दी। थोड़ी देर में ही सैकड़ों ग्रामीण जुट गए। ग्रामीणों ने दारोगा को नंगा करके खंभे से बांध लिया।

## भूपेंद्र पटेल ने गुजरात मॉडल को राजस्थान से बताया बेहतर, बोले- गहलोत को जनता देगी जवाब

**जयपुर।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल राजस्थान के मुकाबले गुजरात माडल अधिक बेहतर है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की निः शुल्क वितरण योजना का कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में कोई लाभ नहीं होगा। जनता कांग्रेस की सरकार को हटाने और भाजपा को सत्ता में लाने का मन बना चुकी है। गहलोत को जनता जवाब देगी। रविवार को कोटा में मीडिया से बात करते हुए पटेल ने कहा,केंद्र सरकार की योजनाओं से आम आदमी लाभान्वित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब और मध्यम वर्ग के बारे में सोचते हैं। पटेल यहां भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। उधर केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी ने कोटा में परिवर्तन यात्रा के दौरान सभा को संबोधित करते हुए कहा,यूपीए सरकार घोटाले को लेकर बदनाम थी। अब इंडिया में शामिल सभी दल घोटालों को लेकर बदनाम है।

## कर्नाटक में तीन और उपमुख्यमंत्री की उठी मांग सीएम सिद्धारमैया बोले- आलाकमान लेगा निर्णय

**कलबुर्गी।** कर्नाटक में तीन और उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति की वकालत पर मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने रविवार को कहा कि इस पर आलाकमान के फैसले का पालन करूंगा। सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना ने शनिवार को कर्नाटक में और तीन उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की पैरवी की थी और कहा था कि वह 2024 के लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस आलाकमान के साथ इस पर चर्चा करेंगे। सिद्धरमैया ने कहा कि यह मंत्री की व्यक्तिगत राय है जो इसे पार्टी नेतृत्व के समक्ष उठाएंगे। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि इस मुद्दे पर उन्हें कुछ नहीं कहना है और इस पर निर्णय लेना आलाकमान का काम है। सिद्धरमैया ने कहा कि आलाकमान ने कहा था कि एक उपमुख्यमंत्री पर्याप्त है। राजन्ना ने वीरशैव- लिंगायत, अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक समुदाय के एक-एक नेता को उपमुख्यमंत्री पद दिए जाने की वकालत की थी।

# सन्नी हत्याकांड में पुलिस को बड़ी कामयाबी, सरपंच समेत चार गिरफ्तार, पिस्टल व कारतूस जब्त

**बिश्नाह, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**

तहसील के कोठे बुलंदे गांव में हुई कुख्यात नशा तस्कर सन्नी कुमार की हत्या की गुत्थी को बिश्नाह पुलिस ने सुलझाते हुए सरपंच समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके कुछ अन्य साथियों की तलाश के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। बिश्नाह पुलिस ने इस हत्याकांड को अंजाम देने में इस्तेमाल की गई एक स्कार्पियो गाड़ी, एक मोटरसाइकिल, दो टोके, एक पिस्तौल और तीन राउंड भी बरामद कर लिए हैं। पकड़े गए आरोपितों में अरनिया की कल्याण पंचायत के सरपंच युवराज सिंह पुत्र चेन सिंह, सुखदेव सिंह, मक्खन सिंह पुत्र शमशेर सिंह निवासी पल्ली, सांबा, दुष्यंत कुमार पुत्र जगजीवन शर्मा निवासी पल्ली, सांबा और नाशिर खान निवासी बिश्नाह के नाम शामिल हैं। गौरतलब है कि वीरवार शाम सन्नी कुमार के घर में नकाबपोश बदमाशों ने हमला किया था।उन्होंने पहले सन्नी के पांव में गोलियां मारी फिर जब वह गिर गया तो उस पर टोके से ताबड़तोड़ वार कर उसे लहूलुहान कर दिया था। इस हमले में सन्नी की मौके पर ही मौत हो गई थी। उसके बाद से उसके परिवार के लोग हमलावरों की गिरफ्तार की मांग पर हंगामा करते रहे थे। जैसे ही सन्नी का अंतिम संस्कार हुआ,पुलिस ने आरोपितों की तलाश तेज की। इसमें खुफिया एजेंसियों की भी मदद ली गई। आखिरकार चारों आरोपितों को दबोच लिया गया। हमले के मास्टर माइंड को भी जल्द गिरफ्तार करने की मांगसन्नी हत्याकांड की जांच में बिश्नाह के थाना प्रभारी विक्रम शर्मा, एसडीपीओ आरएसपुरा निखिल गोगना के अलावा एसपी हेडक्वार्टर रमनीष गुप्ता ने खुद कमान संभाली थी।

## दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में दर्दनाक सड़क हादसा, बस और लॉरी की टक्कर में गई 20 लोगों की जान

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। जोहान्सबर्ग में एक खनन कंपनी में काम करने वाले 20 कर्मचारियों की सड़क हादसे में मौत हो गई है। समाचार एजेंसी ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि सड़क हादसे में मारे गए सभी 20 कर्मचारी डी-बीयर्स नाम की एक खनन कंपनी के लिए काम करते थे। अधिकारी ने बताया कि वेनेशिया खदान से सभी कर्मचारी एक बस से रवाना हुए थे। हालांकि, जैसे ही बस कुछ दूरी पर पहुंची तो उसकी लॉरी से टक्कर हो गई।अधिकारी ने बताया कि ये हादसा लिम्पोपो प्रांत में हुआ है। अधिकारी के अनुसार, बस एक लॉरी से टकरा गई। ये हादसा स्थानीय समयानुसार लगभग चार बजे के आसपास हुआ। उन्होंने बताया कि बस खदान से लगभग 25 किलोमीटर दूर पहुंची थी।

# भारी वर्षा से आई बाढ़, कई नदियां उफान पर, 9600 लोगों को किया रेस्क्यू



**अहमदाबाद, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**

गुजरात में भारी वर्षा से निचले क्षेत्रों में बाढ़ आ गई है। कई गांवों का संपर्क टूट गया है। नर्मदा और अन्य नदियों के उफान पर होने से पांच जिलों से लगभग 9,600 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। जबकि, लगभग 207 लोगों को बचाया गया।सरदार सरोवर बांध इस मानसून में पहली बार रविवार सुबह 138.68 मीटर के पूर्ण भंडारण स्तर (एफआरएल) पर पहुंच गया। इसके बाद अधिकारियों ने पड़ोसी मध्य प्रदेश के जलग्रहण क्षेत्रों से आ रहे अधिक पानी को निकालने के लिए बांध के कई द्वार खोल दिए।इससे स्थिति और बिगड़ गई। रविवार शाम छह बजे तक 76 मिमी वर्षा होने के बाद अहमदाबाद के कई क्षेत्रों में पानी भर गया, जिससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने पंचमहल, दाहोद, खेड़ा, अरावली, महिसागर, बनासकांठा और साबरकांठा जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है, उनमें प्रभावित 28 गांवों के लोग शामिल हैं।इसमें नर्मदा जिले में स्टैच्यू आफ यूनिटी के पास स्थित गांव भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बांध से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद नर्मदा नदी उफान पर है। प्रभावित लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्थिति पर नजर रखी जा रही है। भारी वर्षा से कई छोटी नदियां भी उफान पर हैं।इसके चलते निचले इलाकों में बाढ़ आ गई है। नर्मदा कलेक्टर श्वेता तेवतिया ने कहा कि राहत एवं बचाव का कार्य जारी है। प्रशासन सरदार सरोवर बांध से पानी छोड़े जाने के कारण उत्पन्न स्थिति पर नजर रख रहा है।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। अधिकारियों ने कहा कि सरकार ने नर्मदा में एनडीआरएफ की दो टीमें, भरूच, राजकोट, जूनागढ़ और वडोदरा में एक-एक टीम तैनात की है। एनडीआरएफ और स्थानीय बचाव टीमों ने नर्मदा जिले के एक आवासीय विद्यालय के लगभग 70 छात्रों और पंचमहल जिले में नदी के पास एक पुल के नीचे फंसे लगभग 100 मजदूरों को सुरक्षित निकाला है।

## टोयोटा वर्कशॉप में लगी भीषण आग 10 से अधिक गाड़ियां जलकर खाक !

**चंडीगढ़।** इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 स्थित टोयोटा की वर्कशाप में आग लगने से रिपेयर होने आई 10 से अधिक गाड़ियां जलकर खाक हो गई। इस हादसे में कई नई गाड़ियां भी शामिल होने की सूचना है। आग इतनी भयानक थी कि आसमान भी आग की लपटों से लाल दिखाई देने लगा। सूचना के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है। अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फेज-1 में सेंट्रा मॉल के पास टोयोटा की वर्कशाप है। इस वर्कशाप में कस्टमरों की गाड़ियां मरम्मत के लिए आती हैं। वर्कशाप के इस शेड में कई गाड़ियां मौजूद थी। रविवार शाम करीब सात बजे किसी ने वर्कशाप से धुंआ उठते देखा।

## सिंगापुर की प्रतिष्ठित फेलोशिप से सम्मानित हुए असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, कांग्रेस ने उठाया सवाल



**गुवाहाटी, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को सिंगापुर की ली कुआन यू एक्सचेंज फेलोशिप से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, सरमा को विकास और अंतरराष्ट्रीय सद्भाव के मुद्दे को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका के लिए पुरस्कार के लिए चुना गया है। इसमें कहा गया है कि वह यह फेलोशिप पाने वाले असम के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। फेलोशिप के हिस्से के रूप में हिमंत बिस्वा सरमा को सार्वजनिक कार्यों और विकास में उनके समर्पित नेतृत्व के लिए निमंत्रण भेजा गया है। ली कुआन यू एक्सचेंज फेलोशिप के जरिए उन्हें सिंगापुर आने का निमंत्रण दिया गया है।गौरतलब है कि यह फेलोशिप व्यक्तियों को उनके राष्ट्र के विकास और सिंगापुर के साथ द्विपक्षीय संबंधों में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान की जाती है। फेलोशिप सिंगापुर के संस्थापक प्रधानमंत्री ली कुआन यू को राष्ट्र के प्रति उनके योगदान के लिए श्रद्धांजलि के रूप में शुरू की गई थी।

इस उपलब्धि के साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण शौरी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष मोंटेक सिंह अहलूवालिया की सूची में असम के मुख्यमंत्री सरमा भी शामिल हो गए हैं।इस बीच, असम कांग्रेस के अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने सरमा को फेलोशिप देने के सिंगापुर सरकार के फैसले पर सवाल उठाते हुए आश्चर्य व्यक्त किया और कहा कि वह इसे वापस लेने के लिए लिखेंगे। मैं असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को ली कुआन यू एक्सचेंज फेलोशिप प्रदान करने के सिंगापुर सरकार के फैसले से चकित हूं। सिंगापुर के जनक ली कुआन यू एक अनुकरणीय राजनेता थे, जिन्होंने जीवन भर ईमानदारी, कड़ी मेहनत और सभ्यता का प्रदर्शन किया।

## निपाह वायरस से लड़ने के लिए एक्शन में केरल सरकार, ओपीडी सेवा लॉन्च



**कोझिकोड।** केरल में निपाह वायरस के संक्रमण के मद्देनजर राज्य सरकार ने अपनी ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन प्रणाली के तहत विशेष बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) सेवा शुरू की है। कोझिकोड की जिला कलेक्टर (डीसी) ए. गीता ने फेसबुक पोस्ट में कहा कि यह सेवा निपाह संबंधित आशंकाओं को दूर करने में मदद करेगी। जिन लोगों में संक्रमण के लक्षण दिख रहे हैं, वे डॉक्टर के पास जाए बिना ऑनलाइन चिकित्सा सहायता ले सकते हैं। ई-संजीवनी निपाह ओपीडी सेवा सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक उपलब्ध रहेगी। ई-संजीवनी प्लेटफार्म के माध्यम से आप बिना अस्पताल जाए घर बैठे ही इलाज करा सकते हैं।

इस बीच केरल सरकार ने रविवार को कहा कि राज्य में लगातार दूसरे दिन निपाह वायरस का कोई नया मामला सामने नहीं आया। राज्य में अब तक छह लोग निपाह से संक्रमित पाए गए हैं। उनमें से दो लोगों की संक्रमण से मौत हुई है। स्थति नियंत्रण में है।केरल में चौथी बार निपाह वायरस संक्रमण के मामले की पुष्टि हुई है। इससे पहले साल 2018 और 2021 में कोझिकोड में और 2019 में एर्णाकुलम में इसके मामले सामने आए थे।

## मराठा आरक्षण की मांग करने वाले मनोज जारांगे अस्पताल में भर्ती, भूख हड़ताल से 10 किलो कम हुआ वजन



**छत्रपति, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर 16 दिनों तक भूख हड़ताल पर रहे मनोज जारांगे को रविवार को छत्रपति संभाजीनगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

चिकित्सकों ने कहा है कि उनका रक्तचाप थोड़ा कम है, लेकिन उनके अन्य स्वास्थ्य मानक सामान्य हैं। जरांगे का उपचार कर रहे एक चिकित्सक ने बताया कि भूख हड़ताल के दौरान उनका वजन आठ से 10 किलोग्राम कम हो गया है। उनका रक्तचाप थोड़ा कम है। किडनी फंक्शन टेस्ट (केएफटी) रविवार को सामान्य था। भूख हड़ताल के दौरान केएफटी में उनका सीरम क्रिएटिनिन थोड़ा अधिक था।

वह आईसीयू में नहीं हैं। यदि कुछ और जांच के नतीजे सामान्य आते हैं तो उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी। जारांगे ने अपनी भूख हड़ताल 29 अगस्त को जालना जिले के अंतरवाली सरती गांव में मराठों के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण की मांग करते हुए शुरू की थी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुलाकात कर उनकी मांगों के संबंध में आश्वासन दिया था। इसके बाद उन्होंने अपनी भूख हड़ताल 14 सितंबर को 17वें दिन समाप्त कर दी थी।

## मणिपुर में छुट्टी पर गए भारतीय सेना के जवान की हत्या बदमाशों ने अपहरण के बाद दिया वारदात को अंजाम



**नईदिल्ली, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में हिंसा की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। वहीं, एक ताजा मामला सामने आया है। पीआरओ, कोहिमा और इंफाल के रक्षा मंत्रालय ने 17 सितंबर (रविवार) को एक दुखद जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय सेना के एक सिपाही सर्टो थांगथांग कोम का 3 अज्ञात बदमाशों ने अपहरण किया था, जिन्होंने बाद में उनकी हत्या कर दी गई।मंत्रालय ने बताया कि सर्टो थांगथांग कोम की उम्र 41 वर्ष थी। यह घटना उनके साथ उस दौरान घटी जब वे इंफाल पश्चिम के तरुंग स्थित अपने घर छुट्टी पर थे। मंत्रालय ने कहा कि थांगथांग कोम को डीएससी प्लाटून, लीमाखोंग, मणिपुर में तैनात किया गया था। उनके परिवार में उनकी पत्नी और 2 बच्चे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, अज्ञात हथियारबंद लोगों ने शनिवार सुबह लगभग 10 बजे छुट्टी पर घर आए सिपाही सर्टो थांगथांग का अपहरण कर लिया। उनके 10 वर्षीय बेटे का हवाला देते हुए अधिकारियों ने बताया,वह और सर्टो थांगथांग घर पर मौजूद थे। उसी दौरान तीन लोग दाखिल हुए। उनके हाथों में हथियार थे। उन्होंने सिपाही के सिर पर पिस्तौल तान दी और एक सफेद वाहन में जबरदस्ती डालकर ले गए। रविवार सुबह 9.30 बजे उनका शव खुनिंगथेक गांव से बरामद किया गया। उनके सिर में एक गोली मारी गई थी।उनकी पहचान भाई ने की। कोम के परिवार में पत्नी, बेटी और बेटा हैं। सेना ने शोक संतप्त परिवार की सहायता के लिए टीम भेजी है। थांगथांग, 8वीं असम रेजिमेंट से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के बाद कुछ साल पहले डीएससी में फिर से नियुक्त हुए थे। वे छुट्टी पर थे और उन्हें सोमवार को ज्वाइन करना था। उनकी पत्नी सोमिवोन कोम ने कहा कि उनका परिवार अपने दो बच्चों की पढ़ाई के लिए हैप्पी वैली इलाके में रह रहा है। इस जातीय संघर्ष में चार महीने के दौरान कम से कम 175 लोग मारे गए और 1,108 अन्य घायल हुए हैं।पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि मई की शुरू हुई हिंसा में अब तक 4,786 घरों को आग लगा दी गई है, जबकि 386 धार्मिक स्थलों को तोड़ दिया गया है।

# आईआईटी का देश की तरक्की में बढ़ा योगदान, होनहार वैज्ञानिकों के साथ दिए 3000 करोड़ के नए स्टार्टअप



**कानपुर, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव बनाए गए आईआईटी निदेशक प्रो.अभय करंदीकर के साथ संस्थान ने पांच साल में कई कीर्तिमान स्थापित किए। विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गज विज्ञानियों को शिक्षण के लिए संस्थान के साथ जोड़ा। शिक्षकों और शोधार्थियों को अनुसंधान के लिए विदेशी शिक्षण संस्थानों और अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों का सहयोग दिलाने के लिए 65 से अधिक शैक्षिक करार कराए। स्टार्ट अप और नवाचार का ऐसा वातावरण बनाया जिसमें 3000 करोड़ के आर्थिक ढांचे के साथ 100 से अधिक नए स्टार्टअप भी शामिल हुए। आईआईटी कानपुर से बीटेक की शिक्षा ग्रहण करने वाले प्रो.करंदीकर ने निदेशक के तौर पर कार्य के दौरान गुरुदक्षिणा के रूप में संस्थान की झोली में कई उपलब्धियां डालीं। उन्होंने जब संस्थान का नेतृत्व संभाला तो इसकी विश्व रैंकिंग 500 से 600 के बीच पहुंच चुकी थी।

बदलाव को ऐसे समझा जा सकता है कि 2023 में आईआईटी क्यूएस रैंक 264 पर पहुंच गई। इसी साल एनआईआरएफ ने देश के पांचवें सर्वश्रेष्ठ संस्थान का दर्जा दिया और नवाचार में नंबर वन माना है।आईआईटी के साथ भावनात्मक रिश्ते के दम पर ही उन्होंने पूर्व छात्रों के संगठन को सक्रिय किया। अमेरिका में भी आईआईटी एल्युमिनाइ चैप्टर बनवाया। एल्युमिनाइ के सदस्यों ने बीते दो साल में 297 करोड़ रुपये का दान किया। जो अब तक मिले कुल दान से भी पांच गुणा ज्यादा है। उनके प्रयास से संस्थान में डंगवाल स्कूल आफ मेडिसिन की दिशा में काम चल रहा है। संस्थान में पहली बार अनुसंधान को समर्पित टेक्नोपार्क और आईआईटी कानपुर रिसर्च एंड टेक्नोलाजी पार्क फाउंडेशन का गठन हुआ। मेडिकल स्कूल के साथ ही मेडटेक केंद्र ने संस्थान के शिक्षकों एव शोधार्थियों को नया आयाम दिया है।जिसमें देश और विदेश की बड़ी फार्मा कंपनियों ने रुचि दिखाई और तकनीक विकास व बाजार संबंधी करार भी किए हैं। कोविड -19 के दौरान संस्थान की गतिविधियों को संभालने के साथ ही शिक्षकों एवं शोधार्थियों की मदद से वेंटीलेटर समेत कई उपयोगी उपकरण का अनुसंधान भी कराया।

इन विभागों और केंद्रों का शुरू कराया उनके कार्यकाल के दौरान संस्थान में कई विभाग व अनुसंधान केंद्र शुरू हुए जिसमें डिपार्टमेंट आफ़ सस्टेनेबल एनर्जी इंजीनियरिंग, डिपार्टमेंट आफ़ काग्निटिव साइंसेज, स्पेस, प्लेनेटरी एवं एस्ट्रोनॉमिकल साइंसेज एवं इंजीनियरिंग, डिपार्टमेंट आफ़ डिज़ाइन , मेहता फैमिली सेंटर फार इंजीनियरिंगइन मेडिसिन, इंटरडिसिप्लिनरी सेंटर फार साइबर सिक्योरिटी एंड साइबर डिफेन्स आफ क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्टर्स , चंद्रकांता केसवन सेंटर फार एनर्जी पालिसी एंड क्लाइमेट सोलूशन्स, शिवानी सेंटर फार थे नुरतुरे एंड री-इंटीग्रेशन आफ़ हिंदी एंड इतर इंडियन लैंग्वेजज, अंतरराष्ट्रीय सहयोगी केंद्र राइस-आइआइटीके कोलबोरेटिव सेंटर फार सस्टेनेबल एनर्जी, आईआईटीके -ला ट्रोब अकादमी।

# काम के लिए 5 हजार मांग की पटवारी ने प्रशासन करेगा कार्रवाई

**अकलतरा।** केसीसी में रिश्वत की मांग करते हुए एक पटवारी का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें संबंधित पटवारी कह रहा है कि 5 हजार रुपए दो, तभी साइन करूंगा। इसके अलावा जहां शिकायत करनी है, कर लो का धमकी भी दे रहा है। वायरल वीडियो के हिसाब से एसडीएम ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।



अकलतरा ब्लॉक के गांव पिपरसत्ती के किसान नारायण सिंह अपने पुत्र राजू सिंह के साथ पटवारी कार्यालय गया हुआ था। राजू सिंह ने बताया की उसके पिता नारायण सिंह के नाम पर 1.5 एकड़ जमीन है। जिसमें कृषि कार्य के लिए केसीसी लोन निकालने के लिए 10 दिनों से पटवारी के पास चक्कर काट रहा है। शुक्रवार को नाम जोड़ने के लिए पांच सौ रुपए दिया था। केसीसी लोन के लिए दस्तावेज में हस्ताक्षर करने के लिए कहा गया।

पटवारी ने हस्ताक्षर के एवज में पांच हजार रुपए की मांग करने लगा। पैसा नहीं देने पर बार-बार घुमाया जा रहा है। किसान नारायण सिंह केसीसी लोन निकलने के लिए दस्तावेज में पटवारी शोभाराम पाण्डे के हस्ताक्षर के लिए पहुंचा। इस दौरान पांच हजार रुपए की रिश्वत मांगी। रिश्वत नहीं देने पर हस्ताक्षर नहीं करने की बात कही गई। साथ ही किसान के पुत्र से झगड़ा करने लगा। जिसका वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इसके अलावा वीडियो में पटवारी साफ शब्दो में कह रहा है कि जिससे शिकायत करनी है कर लो कहते हुए धमकी भी दे रहा है।

## 500 मेगावाट क्षमता बढ़ेगी मड़वा प्लांट की

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी पिछले दो तिमाही से विद्युत उत्पादन के लिए देशभर में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। विद्युत कंपनी को पहले स्थान पर लाने में अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र (एबीवीटीपीएस) मड़वा का प्रमुख योगदान है। ये बातें छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने एक बैठक में कही।

# कांग्रेसियों ने मनहरण राठौर के पक्ष में निकाली मोटरसाइकिल रैली

**सक्ती।** सक्ती विधानसभा के दिग्गज कांग्रेसी मनहरण राठौर के समर्थकों ने आज 16 सितंबर को दोपहर 2 बजे से सिवनी से विशाल मोटर सायकल रैली निकालकर उनके पक्ष में जोरदार चुनावी माहौल तैयार किया। यह रैली सिवनी से आरंभ होकर कोसमंदा, सारागांव, बाराद्वार, सक्ती पहुंची फिर तुर्रीधाम भोले बाबा की नगरी होते हुए नगरदा में पहुंचकर समाप्त हुई। इसमें सक्ती विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों से मनहरण राठौर के समर्थक सैकड़ों की तादात में मोटर सायकल में झण्डा, बैनर लगाकर मनहरण राठौर जिंदाबाद, ए दारी मनहरण भईया के बारी के नारे लगाते हुए माहौल बनाया।

गौरतलब हो कि वरिष्ठ कांग्रेसी और क्षेत्रीय जनता के बीच अच्छी पकड़ बनाये हुए मनहरण राठौर सक्ती विधानसभा से टिकट के लिए पार्टी से मांग की है, इधर क्षेत्र में अपने पक्ष में चुनावी माहौल बनाने इस मोटर सायकल रैली का सहारा लिया गया जो सफल भी रहा। उनके समर्थक काफी उत्साहित दिखे वही जनता की माने तो मनहरण राठौर सर्वमान्य नेता है



और यदि उन्हे टिकट दिया जाता है तो जीत पक्की होगी। आयोजित मोटर सायकल रैली में कांग्रेस नेता मनहरण राठौर, चूड़ामणि राठौर, राकेश राठौर, घनश्याम देवांगन, जीवेंद्र राठौर पिंटू, मनीष राठौर, उमेश यादव.सहित बड़ी संख्या में गांव गांव से कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सुलतानिया ने बांटी 3 हजार दीवाल घड़ी

**जांजगीर।** विश्व के सबसे शक्तिशाली जननायक देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रभु श्री रामचन्द्र जी एवं अयोध्या में बनने वाले राम मंदिर की छायाचित्र बनी हुई दिवाल घड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने कहा कि हिन्दू सनातन धर्म में लाखो करोड़ों हिन्दूओं का प्राचीन समय से ही भगवान राम जी में विश्वास का केन्द्र है, हिन्दू सनातन धर्म का आस्था का केन्द्र अयोध्या में भगवान श्री रामचन्द्र जी का भव्य मंदिर बनने जा रहा है। यह संभव देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की निष्ठा और कर्मठता उनके त्याग तपस्या के कारण अयोध्या में प्रभु श्री रामचन्द्र जी का मंदिर बनना संभव हो सका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर जांजगीर चांपा विधानसभा में दो नगर पालिका एक नगर पंचायत एवं 90 ग्राम पंचायतो में 3000 दिवाल घड़ी जिसमें अयोध्या में प्रस्तावित श्री रामचन्द्र जी का भव्य मंदिर एवं भगवान श्री रामचन्द्र जी की तैलचित्र दर्शायी गई दिवाल घड़ी का वितरण किया जा रहा है। जिससे आम जनमानस में काफी उत्साह का वातावरण है। जांजगीर चांपा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में, प्रतिष्ठानों में, मंदिरों में, किराना दुकानों, शैलून, हॉटल, में प्रमुख व्यवसायिक स्थलों पर लगाया जा रहा है एवं लोगो से आग्रह किया जा रहा है कि 2024 में आयोध्या में भगवान श्री रामचन्द्र जी का भव्य श्री राम मंदिर बनने जा रहा है इसमें अधिक से अधिक लोगो को सहभागिता निभानी है एवं अधिक से अधिक संख्या में भगवान श्री रामचन्द्र जी



के मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने की अपील की जा रही है।

इस अवसर पर अमर सुल्तानिया, मनीष तिवारी, हितेश यादव, मुकेश भोपालपुरिया, जितेन्द्र खाण्डे, रमेश सोनवानी, सुधीर अग्रवाल, सुनील पाण्डेय, रामलल्ला सिंह, भुपेन्द्र साहू, संदीप पाण्डेय, संतोष राठौर, हितेश साहू, डिगेश मनहर, विकास श्रीवास, रवि पाण्डेय संतोष जब्बल, जलेश्वर संत सोनम केशरवानी, गौतम, विक्रांत सिंह, मोन्टू गोपाल सहित सभी कार्यकर्ताओं द्वारा वितरण किया जा रहा है।

## क्षेत्र में टाइफाइड का कहर , अस्पताल में मरीजों की भीड़

**बिर्रा।** क्षेत्र में मलेरिया के बाद अब टाइफाइड के मामले बढ़ ते जा रहे हैं। गांव में लंबे समय तक बुखार ठीक नहीं होने पर मरीजों की जांच कराने पर टाइफाइड के मामले सामने आ रहे है।कुछ दिनों पहले क्षेत्र में मलेरिया के मामले सामने आ रहे थे बाद टाइफाइड फैल रहा है बिर्रा अस्पताल में रोजाना नए मामले सामने आ रहे हैं। अस्पताल की ओपीडी में आने वाले करीब 40 फीसदी मरीज लंबे समय तक बुखार नहीं छोड़ने से पीड़ित हैं। चिकित्सक जब ऐसे मरीजों की जांच कर रहे हैं तो टाइफाइड का असर देखा जा रहा है। इसमें युवा, बुजुर्ग और बड़े भी शामिल है। लगभग हर घर में हैएक न एक सदस्य बीमार है। जिसमें से कई लोगों को पांच - सात दिनों तक बुखार नहीं उतर रहा है। जांच में मरीज टाइफाइड से ग्रस्त मिल रहे हैं।

## भारी वाहन के चलने से सड़क गड्ढों में तब्दील

**तनौद ।** देवरी से भुईगांव मुख्य मार्ग में भारी वाहनों के चलने से सड़क पर जगह - जगह जानलेवा गहरे गड्ढे हो बन गए हैं। गड्ढों के कारण वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। गांव की मुख्य सड़क पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तनौद के सामने सहित कई स्थानों पर गड्ढे हो गए हैं। स्कूल के सामने 15 फीट लंबा , 5 फीट चौड़ा और एक फीट गहरा गड्ढा हो गया है। वर्षा का पानी इन गड्ढों में भरने से छात्र - छात्राओं के साथ ही वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। मुख्य मार्ग होने के कारण अधिकांश छात्र छात्राओं का आना जाना इसी मार्ग से होता है। सड़क उखड़ने के कारण छात्र - छात्राओं को यहां से निकलने में परेशानी होती है। अधिकांश बच्चे साइकिल से स्कूल जाते हैं। सड़क पर हुए गड्ढों के कारण साइकिल से जाने वाले बच्चों को परेशानी होती है। गड्ढों के कारण साइकिल में टूट फूट होती रहती है। इसके अलावा बाइक और स्कूटी चालकों को भी परेशानी होती है। वर्षा होने की स्थिति में सड़क पर बने गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं रहता है। ऐसे में कई बार तेज रफ्तार दो पहिया वाहन चालक अचानक गहरे गड्ढे में जाने के कारण हादसे के शिकार हो जा रहे हैं। वहीं छात्र - छात्राओं के कपड़े खराब होने से उन्हें भी परेशानी होती है। पैदल राहगीरों को भी आवागमन में परेशानी हो रही है। सड़क किनारे हुए गड्ढों के कारण वाहन चालकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गड्ढों के पास से जब पैदल राहगीर गुजरते हैं। ऐसे में यदि पीछे से दोपहिया या चारपहिया वाहन आ जाए तो इन वाहनों के कारण गड्ढों में भरा गंदा पानी पैदल राहगीरों के ऊपर छिटक जाता है। इससे लोगों के कपड़े खराब हो जाते हैं।

# कांग्रेस विधायक नोटों के बंडल के साथ नजर आये, चौतरफा घिरे

**जांजगीर - चांपा ।** चंद्रपुर से कांग्रेस विधायक रामकुमार यादव का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हुआ है। इस वीडियो में विधायक रामकुमार यादव के सामने नोटों की गड्डी रखी है। इसे लेकर राजनीति गर्मा गई है। बीजेपी नेता ओपी चौधरी ने वीडियो को शेयर करते हुए कांग्रेस सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने ट्वीट किया है कि कांग्रेस विधायक के सामने रखे नोटों की गड्डी वाले इस वीडियो को सरकार स्वीकार करेगी या वीडियो पर कोई संदेह है तो जांच के लिए सीबीआई को सौंपने का साहस दिखाएगी ।



इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हुआ है जिसमें कांग्रेस विधायक रामकुमार यादव कुछ लोगों के साथ सोफे पर बैठे हैं। वहीं, उनके सामने बेड पर नोटों का बंडल रखा हुआ है। वीडियो में विधायक के साथ कुछ लोग भी बैठे नजर आ रहे हैं। प्रसारित वीडियो मामले में कांग्रेस विधायक रामकुमार ने सफाई दी है। उनका कहना है कि यह उनके खिलाफ षड्यंत्र है। पैसे के ऊपर उनका ध्यान नहीं था, वे तो खाली वहां बैठे हैं। वीडियो डालने वाले बता सकते हैं कि उनका उद्देश्य क्या है। उन्होंने कहा कि वे गरीब का बेटा हैं, गाय - भैंस चराने वाले हैं, उन्होंने मेहनत मजदूरी की है। गरीब का बेटा विधायक बना है तो बड़े लोग हैं जिनके पेट में दर्द हो रहा है। विधायक रामकुमार ने कहा कि वो सोचते हैं कि गरीब का बेटा विधायक कैसे बन गया इसलिए षड्यंत्र करते हैं। कांग्रेस से टिकट मिलने के बाद भी उनके बारे में वीडियो प्रसारित किया गया था। वीडियो प्रसारित करने वाले बताएं की किस उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर वे किसी महल के सामने खड़े हो जाएं तो क्या वह महल उनका हो जाएगा। वे विधायक बने हैं तो जनता के आशीर्वाद से बने हैं। वे लोग उनके गरीब की छवि को खराब नहीं कर सकते हैं। इधर कांग्रेस विधायक के सामने रखे नोटों की गड्डी वाले वीडियो को शेयर करते हुए भाजपा नेता ओपी चौधरी ने सरकार पर हमला किया है। उन्होंने ट्वीट किया है कि कांग्रेस विधायक के सामने रखे नोटों की गड्डी वाले इस वीडियो को सरकार स्वीकार करेगी या वीडियो पर कोई संदेह है तो जांच के लिए सीबीआई को सौंपने का साहस दिखाएगी ।

## भाजपा नेता शैलेष शिवहरे के नेतृत्व में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**कोरिया/बैकुंठपुर।** 17 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर जगह जगह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं इसी कड़ी में कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में भाजपा जिला उपाध्यक्ष और विधानसभा चुनाव के दावेदार शैलेष शिवहरे के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर श्री शिवहरे द्वारा स्वच्छता का संदेश देने हेतु हर वर्ष इस प्रकार का आयोजन किया जाता है इसी कड़ी में बस स्टैंड में किए गए आयोजन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे ने कहा कि मोदी जी ने धूल-मिट्टी को साफ़ करने के लिए झाड़ू उठाकर स्वच्छ भारत अभियान को पूरे राष्ट्र के लिए एक जन-आंदोलन का रूप दिया और कहा है कि लोगों को न तो स्वयं गंदगी फैलानी चाहिए और न ही किसी और को फैलाने देना चाहिए। उन्होंने न गंदगी करेंगे, न करने देंगे। का मंत्र भी दिया। और इसी के तहत उनके आह्वान पर हम सभी स्वच्छता का संदेश देने हेतु सफाई अभियान चला रहे हैं,उन्होंने बताया कि मोदी जी के जन्मदिवस से लेकर 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व द्वारा सेवा पखवाड़ा चलाया जाएगा जिसमे विभिन्न माध्यम से लोगो तक पहुंचा जायेगा। इस अवसर पर डॉ राकेश शर्मा,सुभाष साहू,सुरेंद्र चक्रधारी,आशीष शुक्ला,पार्षद अनिल खटीक,अवधेश सिंह, फिरदोश अहमद,अरविंद सिंह,परवेज आलम,मिंकू सोनी,घनश्याम साहू,संजय जयसवाल,मनोज सोनी,मल्लू जयसवाल,सुदीप सोनी,अभय दुबे,लल्ला,पन्ना गोयन,समीर जायसवाल,संजू जायसवाल,अमित खटीक,राजेश खटिक, छोटू, ध्रुव जायसवाल आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खुलेआम घूम रहे लंपी वायरस के लक्षण वाले मवेशी

**प्रतापपुर।** लंबे समय से नगर पंचायत प्रतापपुर में अपना ठिकाना बनाए हुए बेसहारा मवेशियों में से कई मवेशियों में लंपी वायरस (लंपी स्किन डिजीज वायरस) के लक्षण दिखाई दे रहे हैं।

### न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्र.-6/बी-121/2022-23
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं.-16

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मृत्युंजय कुमार पिता महेश्वर प्रसाद जाति राजपूत निवासी ग्राम कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. कोरबा के द्वारा अपने पुत्र/पुत्री अमन कुमार के लिए केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति हेतु/शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 22.09.2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.09.2023 को मेरे

सील — तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)

### न्यायालय अधीक्षक भू-अभिलेख (परिवर्तित भूमि शाखा) कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

क्रमांक/3334/अ.भू.अ.(परि.शा.)/वाचक/ 2023
कोरबा, दिनांक 08.09.2023

रा.प्र.क्र.-926/अ-2/2022-23
ग्राम- रिसदी, प.ह.नं.-18
तह.-कोरबा, जिला- कोरबा(छ.ग.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 926/अ-2/ 2022-23 आवेदक तौकीर अहमद खान पिता सलाहुद्दीन खान, निवासी-रिसदी, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम-रिसदी, प.ह.नं. 18, तहसील व जिला-कोरबा स्थित भूमि ख.नं. 482/1/ढ़/3, 482/4 रकबा क्रमशः 0.077 हे., 0.20 हे. कुल रकबा 0.097 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन पत्र (भूमि का रकबा 5000 वर्गफीट से अधिक होने के कारण) कार्यालय उप संचालक नगर तथा ग्राम निवेश में प्रस्तुत किया है। कार्यालय उप संचालक नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्रीय कार्यालय कोरबा के ज्ञापन क्र./866/डाय 09/नग्रानि/2023 कोरबा दिनांक 29.08.2023 के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा को विकास योजनांतर्गत आने वाले ग्रामों के लिए डायवर्सन प्रकरणों के निराकरण बाबत् मूल पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 23.09.2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.09.2023 को मेरे

सील — अधीक्षक भू-अभिलेख परि.भू.शा. जिला- कोरबा (छ.ग.)

## अवैध शराब पकड़ने जिले भर में चला अभियान

**सूरजपुर।** शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ सूरजपुर के थाना एवं चौकी क्षेत्र में पुलिस टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। इस अभियान के दौरान जिले भर में 52 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद कर आरोपितों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। ग्राम धरमपुर के रविकुमार यादव से दस लीटर, रोहित यादव से चार लीटर, दुलेराम बरगाह से चार लीटर अवैध महुआ शराब बरामद कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। इसी क्रम में प्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम घसियापारा के गुंजा नायक से चार लीटर, ग्राम करसी के कोमल से चार लीटर, चौकी चेन्द्रा के ग्राम पकनी के प्रतीमा से तीन लीटर, थाना झिलमिली के ग्राम दवनसरा के अजय बरगाह से तीन लीटर, थाना विश्रामपुर के ग्राम गोविन्दपुर के रामप्रताप से छह लीटर, शिवनंदनपुर के विजय राजवाड़े से आठ लीटर तथा थाना चांदनी पुलिस ने ग्राम नवाटोला निवासी अमलेन्द्र प्रजापति से छह लीटर महुआ शराब जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर युवा मोर्चा के सदस्यों ने किया रक्तदान



**कोरिया/बैकुंठपुर।** देश के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन जहां पूरे कोरिया जिले के भाजपा नेता पदाधिकारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास से मनाया और आमजनों में खुशियां बांटी तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता व ऊर्जावान जिला अध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह ने जिला अस्पताल में रक्तदान लिया युवा मोर्चा के साथीयों ने भी उनके साथ रक्त दान किया समूचे मरीजों के लिए खुशियों का पल लेकर आया। अवगत करा दें की 17 सितंबर को पूरे देश में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का अवतरण दिवस मनाया गया।जिसके मद्देनजर कोरिया जिले में भी प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के आह्वान और भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में पहले तो भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री मोदी का जन्म दिन सभी भाजपा परिवार के द्वारा मनाया गया।जिसके बाद जिले के भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बैकुंठपुर जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान किया व सेवा पखवाड़े अंतर्गत दायित्व निर्वहन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में भाजपा कोरिया जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी,शैलेश शिवहरे,मंडल अध्यक्ष कुबेर साहू,भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह,युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यस्मित सद्स्य सतेन्द्र राजवाड़े,अंकीत शर्मा,जिला उपाध्यक्ष उमा शंकर बंटी,सच्चिदा नंद दुबे, कमलेश साहू,जिला महामंत्री कुणाल जायसवाल, भाजयुमो जिला मंत्री साक्षी सिंह राजपूत,सुरेश साहू, अनील राजवाड़े, मडल अध्यक्ष आशीष यादव, श्री राम दुबे,परवेंद्र सिंह, मनोज यादव, महा मंत्री मंडल भाजयुमो,राम रूप रजवाड़े, विक्की साहू,सन्तोष साहू, भाजयुमो के प्रकाश प्रजापति,रमा शंकर उईके,मोंटी कुर्रे, चिंटू,सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## भारत विकास परिषद की बैठक में शामिल हुए डा. राकेश शर्मा

**कोरिया/बैकुंठपुर।** भारत विकास परिषद की बैठक मार्गदर्शन संस्था में आयोजित की गई जिसमे कई विषयों पर चर्चा हुई एवम कोरिया जिले में भारत विकास परिषद के गठन एवम विस्तार के लिए रूप रेखा तैयार की गई। भारत विकास परिषद का मुख्य उद्देश भारत की संस्कृति को बचाना, हरा भरा भारत(पर्यावरण),नेत्र चिकित्सा एवम नेत्र दान,राहत कार्य के जैसे कई अहम विषयो पर कार्य करना है।

## चोरी के ट्रेक्टर सहित 1 आरोपी को थाना विश्रामपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सूरजपुर।** ग्राम केशवनगर निवासी विद्याराम ने थाना विश्रामपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि बीते दिन अपने ट्रेक्टर को घर के सामने खड़ा किया था जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 379 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने अज्ञात चोर की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। थाना विश्रामपुर पुलिस के द्वारा मामले की विवेचना करने के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि सिलफिली जंगल मेन रोड़ के किनारे एक संदिग्ध व्यक्ति महिन्द्रा ट्रेक्टर को बार-बार स्टार्ट करने की कोशिश कर रहा है, सूचना पर पुलिस टीम फौरन मौके पर पहुंची जहां संदेही भोला राजवाड़े पिता मटकू राम उम्र 24 वर्ष ग्राम सुंदरगंज चौकी लटोरी को पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि शनिवार को सूरजपुर से लौटते वक्त ग्राम केशवनगर में ट्रेक्टर को खड़ा देख उसे चुराकर अम्बिकापुर ले जाकर बेचने की योजना बनाकर ट्रेक्टर को चोरी कर चलाते हुए सिलफिली जंगल तक आया जहां ट्रेक्टर बंद हो गया जिसे कई बार स्टार्ट करने की कोशिश करने पर भी स्टार्ट नहीं हुआ। मामले में चोरी का महिन्द्रा ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 15 डीएच 1122 कीमत 3 लाख 25 हजार रूपये का जप्त कर आरोपी भोला राजवाड़े को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विश्रामपुर अलरिक लकड़ा, एएसआई सोहन सिंह, शशि शेखर तिवारी, प्रधान आरक्षक रामनिवास तिवारी, इन्द्रजीत सिंह, अविनाश सिंह, दरश देवांगन, विकास सिंह, आरक्षक अखिलेश पाण्डेय, जय प्रकाश यादव, खेलसाय, अजय प्रताप, रविशंकर पाण्डेय, दीपक सिंह, योगेश व महिला आरक्षक द्रोपदी राजवाड़े सक्रिय रहे।

# बीएमएस ने कोल सेक्टर में कार्यकर्ताओं का सम्मेलन किया आयोजित

**पांण्डवपारा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ(छ:ग.)सम्बद्ध बीएमएस बैकुंठपुर क्षेत्र के पांडव पारा कालरी सामुदायिक भवन में 15 सितंबर को शाम 5.30 बजे से कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुवा। कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि मान के.लक्ष्मा रेड्डी प्रभारी कोल उद्योग, मजरुल हक अंसारी उपाध्यक्ष एबीकेएमएस कंपनी संचालन समिति सदस्य,सुजीत सिंह महामंत्री बीकेकेएमएस, कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव कुमार दुबे ने किया।

प्रभारी ने बताया वेज बोर्ड 11 का सफलता पूर्वक संपन्न करने और साथ में 23 माह का एक मुस्त एरियर भुगतान में बीएमएस की प्रमुख भूमिका रहा है। वेतन समझौता में अभी कुछ बाधा उत्पन्न करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रभारी के नेतृत्व में पांचों केंद्रीय श्रमिक संगठन के प्रमुखों के साथ दिनांक 14.09.23 को रांची में बैठक हुवा,इस बैठक में कोल इंडिया के समस्त इकाई में 21,22, गेट मीटिंग एवम 03/10/23 को संयुक्त रूप से क्षेत्रीय मुखालयो में धरना प्रदर्शन होगा,उसके बाद भी अगर आवश्यकता पड़ा तो तीन दिवसीय हड़ताल 05/10/23 से 07/10/23 तक किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अशोक दुबे सिकंदर सिंह लक्ष्मी प्रसाद प्रवीण डहरिया



राम पांडे शैलेष तिवारी सुशील शर्मा विनोद दुबे राजेश सिंह हितेश बिसेन राम सुंदर राजवाड़े बी एल गुप्ता उमाकांत शुक्ला राजकुमार सिंह लारागू राम बृजेश सिंह के साथ साथ लगभग 225 कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भारत माता की जय, मजदूर एकता जिंदाबाद, भारतीय मजदूर संघ अमर रहे के नारों से पूरा सदन गूंज उठा।

## जर्जर सड़क के कारण दुर्घटना, सीआरपीएफ के उपनिरीक्षक घायल

**सीतापुर।** कटनी-गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग की आधी अधूरी सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। अधूरी सड़क के कारण सीआरपीएफ के उप निरीक्षक दुर्घटना में बुरी तरह से घायल हो गया। उप निरीक्षक सिर में हेलमेट पहने हुए था, अगर हेलमेट नही होता तो सिर में चोट आ सकता था। कटनी से गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग की आधी-अधूरी सड़क लोगो के लिए खतरनाक साबित हो रही है। सड़क निर्माण के दौरान अधूरा बनाकर छोड़ दिया गया सड़क लोगो के लिए जानलेवा साबित हो रही है। नेशनल हाईवे के अधिकारियों की इस लापरवाही की वजह से लोग दुर्घटना के शिकार होने लगे है। देर रात बाइक से घर जाने के दौरान सीआरपीएफ का उप निरीक्षक रवि पन्ना निवासी पत्थलगांव ग्राम सोनतराई के पास अधूरी सड़क की चपेट में आ गया।


संवर रही
वनाश्रितों की जिंदगी
रोजगार बढ़े, आय बढ़ी, प्रगति को मिली नई राह
अब 7 नहीं 67 प्रकार
के लघु वनोपजों की
सरकार कर रही खरीदी
S- 38480/1
छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार
श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

# घुरकर देखने की बात पर विवाद, चार आरोपियों पर अपराध दर्ज

## घटना में आनंद रैकवार जख्मी



**कोरबा।** पुराना बस स्टैंड में एक होटल के पास पिछली रात 4 लोगों ने मिलकर मिशन रोड निवासी आनंद रैकवार से मारपीट की। उसे नजदीकी जलती हुई भट्ठी में डालने का प्रयास किया गया जो नाकाम रहा। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में सुभाष विश्वकर्मा समेत 4 के खिलाफ आईपीसी की धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया है। ये सभी पुरानी बस्ती के बताए जा रहे हैं। जिनमें से तीन लोग शराब के नशे में थे।

इस घटनाक्रम को लेकर रात्रि लगभग एक बजे तक कोतवाली थाना परिसर में लोगों की भीड़ जुटी रही जो अराजकता फैलाने वाले गुंडों पर कार्रवाई करने की मांग कर रही थी। खबर के मुताबिक लगभग 10 बजे आनंद रैकवार व्यवसायिक काम के सिलसिले में पुराना बस स्टैंड गया हुआ था। उसी क्षेत्र में उक्त लोग मौजूद थे और अपनी गतिविधियों में शामिल थे। अपने घर जाने के दौरान रैकवार की दृष्टि दूसरी तरफ हुई तो एक व्यक्ति ने घुर कर देखने की बात कहते हुए विवाद शुरू कर दिया। रैकवार ने जब इसका प्रतिवाद किया तो उससे धक्का-मुक्की करने के बाद मारपीट की गई। आनंद के बताए मुताबिक नजदीक में जल रही भट्ठी में उसे डालने का प्रयास भी किया गया। उसने किसी तरह खुद को बचाया। घटना में पीड़ित को आंख, कान, सीने और अन्य हिस्से में गंभीर चोटें आई है। रात्रि में मामले की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले गणमान्यजन कोतवाली थाना पहुंचे और मारपीट करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस से कहा गया है कि जिस स्थान पर घटना हुई वहां पर अन्य कारोबारियों के द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसकी फुटेज निकालकर जांच पड़ताल की जाए। पीड़ित का मुलाहिजा मेडिकल कॉलेज में कराया गया है। वर्तमान में उसका उपचार कृष्णा हास्पिटल में जारी है। कोतवाली पुलिस के द्वारा सुभाष विश्वकर्मा और तीन अन्य के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के अंतर्गत अपराध क्रमांक 355/23 कायम किया गया।

# 7 करोड़ से बना विद्यालय भवन शिक्षा क्षेत्र की दिशा में नया आयाम

## राजस्व मंत्री अग्रवाल ने किया उद्घाटन



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में अब तक सबसे बड़ी लागत से तैयार सरकारी हायर सेकेंडरी विद्यालय शिक्षकों ओर विद्यार्थियों को पठन-पाठन के लिए उपलब्ध करा दिया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में राजस्व और आपदा प्रबंधन मामलों के मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने इसका शुभारंभ किया। विद्यालय के निर्माण पर 7 करोड़ रूपये खर्च किये गये।

सारथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय भवन के निर्माण के लिए यह राशि दो वर्ष पहले उपलब्ध कराई गई थी। कोरबा के वार्ड क्रमांक एक रामसागर पारा में कई दशक से संचालित शासकीय विद्यालय को बेहतर स्वरूप देने के लिए यहां के पूर्व छात्र जयसिंह अग्रवाल ने पहल की थी जिस पर स्वीकृति हुई और निर्माण पूर्ण हुआ।

नए विद्यालय भवन के उद्घाटन अवसर पर राजस्व मंत्री ने अपनी बात रखते हुए कहा कि अपने पुराने विद्यालय को सबसे आकर्षक रूप प्रदान करने में काफी खुशी हुई। कई प्रकार की समस्याएं बीते वर्षों यहां बनी रही जिसकी जानकारी समय-समय पर शिक्षकों के द्वारा उन्हें मिली। प्रसन्नता की बात है कि एक अच्छा काम शिक्षा के क्षेत्र के लिए हुआ है। आशा की जानी चाहिए कि इस विद्यालय भवन में पठन-पाठन बेहतर होगा और नए आयाम की रचना हो सकेगी। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा क्षेत्र के लिए कई प्रकार के काम जिले में किये गए हैं और आगे भी होते रहेंगे। कोरबा के महापौर राजकिशोर प्रसाद ने अपने विचार रखते हुए क्षेत्रीय विकास को लेकर किये गए प्रयासों को लेकर कहा कि सभी तरफ जन आवश्यकता की पूर्ति की गई है। पांच वर्ष में जो काम जिले में हुए हैं वे अपने आपमें उदाहरण हैं। इससे पहले विद्यालय की प्राचार्य ने संक्षिप्त में अपनी बात रखी और नए परिसर का निर्माण कराने के लिए राजस्व मंत्री का आभार जताया। कार्यक्रम में इस संस्था में पिछले वर्षों में सेवा दे चुके शिक्षकों के साथ वर्तमान टीम और विद्यार्थियों के अलावा कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणमान्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

## आज होगी हरितालिका की पूजा

**कोरबा।** हरितालिका व्रत करने के साथ हिंदू महिलाएं आज रात पूजा करेंगी। चतुर्थी युक्त तृतीया को यह व्रत किया जा रहा है। बताया गया कि पुरुषोत्तम मास की उपस्थिति होने के कारण इस बार सभी व्रत त्योहारों में घटत बढ़त का दौर बना है। अगली सुबह हरितालिका का पारायण होगा और इसके कुछ घंटे बाद चतुर्थी को गणेश जी विराजित होंगे।

# गेवरा में भीड़भाड़ के दौरान जेब कटी, जमकर बवाल



**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के गेवरा स्टेडियम में विश्वकर्मा पूजा के आयोजन के दौरान काफी भीड़ एकत्र हुई। जेब कतरों ने स्थिति का लाभ लेने के साथ दो लोगों को निशाने पर लिया। इस घटना के बाद यहां दो पक्षों में मारपीट हो गई। कई घंटे बाद स्थिति को संभाला जा सका।

रात्रि 10.30 बजे के आसपास यह घटना गेवरा स्टेडियम परिसर में हुई। एसईसीएल ने विश्वकर्मा पूजा का सार्वजनिक कार्यक्रम यहां पर किया था। मशीनरी से संबंधित स्टॉल मौके पर लगाए गए थे। इसके साथ ही भोग प्रसाद वितरण की खास व्यवस्था की गई थी। संभावना जताई जा रही थी कि इन कारणों से काफी भीड़ हो सकती है और शाम के बाद ऐसा ही हुआ। भीड़भाड़ का लाभ लेने के लिए कई जेबकतरे भी यहां पर पहुंच गए, जिन्होंने दो लोगों के पर्स पार कर दिए। गहमागहमी की स्थिति में जो निशाने पर आया, वह हंगामे का शिकार हुआ। खबर के मुताबिक यहां दो पक्षों के बीच इस बात को लेकर जमकर हंगामा हुआ और स्थिति मारपीट की आ गई। बीच बचाव के बाद हालात नहीं संभले तो पुलिस बुलानी पड़ी। मामले में जांच के साथ अगली कार्रवाई की जा रही है।

# संगठित गिरोह ने एसईसीएल को फिर लगाई चपत

**कोरबा।** एसईसीएल दीपका खदान के सुरक्षा में लगाये गये 50 हजार कीमती 54 नग फेंसिंग जाली समेत खंभों को उखाड़ कर अज्ञात चोरों ने 16 एवं 17 सितंबर की दरम्यानी रात्रि चोरी कर ली। दीपका पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर लिया।

एसईसीएल के दीपका खदान में सुरक्षा के दृष्टिकोण से हरदीबाजार बाघाबार्डर नाम से प्रसिद्ध खदान क्षेत्र में फेंसिंग जाली के साथ खंभे लगाये गये थे। यहां लगाये गये 54 नग खंभे जाली समेत अज्ञात चोरों द्वारा 16 एवं 17 सितंबर की मध्य रात्रि चोरी कर लिया गया। इसकी जानकारी कल सुबह खदान के उस क्षेत्र में ड्यूटी में पहुंचे एसईसीएल के सुरक्षा प्रहरी को हुई तो उसने तत्काल दीपका खदान के सुरक्षा अधिकारी घनाराम सूर्यवंशी को दी।

बताया जाता है कि इस तरह से खंभों को उखाड़कर फेंसिंग जाली समेत की गई चोरी के मामले प्रकाश में आते ही एसईसीएल के सुरक्षा महकमें में हड़कम्प मच गया। जिसकी रिपोर्ट सुरक्षा अधिकारी द्वारा दर्ज कराये जाने पर दीपका पुलिस ने अपराश क्रमांक 315/23 धारा 379 भादवि के तहत दर्ज कर ली है। विवेचना अधिकारी दीपका थाने के एएसआई अश्वनी निरंकारी आज दोपहर घटना स्थल पहुंचे और अपनी जांच शुरू कर दी।

# थर्मल ड्रोन से हो रही हाथियों की निगरानी



**कोरबा।** जिले के कटघोरा एवं कोरबा वनमंडल में हाथियों का आतंक लगातार कायम है, जहां कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में जंगल के कक्ष क्रमांक ओ ए 719 के पास 42 हाथी अभी भी विचरण कर रहे हैं। वहीं 6 हाथी एतमानगर व जटगा रेंज की सीमा पर है। इन हाथियों ने बीती रात उत्पात मचाते हुए कई किसानों की फसल को फिर रौंद दिया है। जिसका आंकलन वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है, जबकि क्षेत्र में आतंक का पर्याय बना लोनर हाथी परला पहाड़ पर मौजूद है।

वन विभाग द्वारा हाथियों की लगातार निगरानी की जा रही है। वहीं क्षेत्र में मुनादी कराकर लगातार ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। क्षेत्र में पाम्प्लेट, नुक्कड़नाटक के जरिये भी लोगों को सतर्क किया जा रहा है। दंतैल व क्षेत्र में मौजूद हाथियों के निगरानी के लिए थर्मल ड्रोन कैमरा को केंदई रेंज में लगाया गया है, जिसने काम करना शुरू कर दिया है। बीती रात इस ड्रोन के जरिये हाथियों की निगरानी की गई, जिसमें लोनर का लोकेशन परला पहाड़ पर दिखा। जबकि 42 हाथी कोरबी सर्किल के जंगल में दिखे। तत्काल वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया और आसपास के गांवों में मुनादी कराने के साथ ग्रामीणों को सतर्क किया गया। इधर कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज अंतर्गत जिलगा परिसर में मौजूद 13 हाथियों में 9 हाथी झुंड से अलग होकर पसर खेत रेंज के मोहनपुर पहुंच गये वहीं चार हाथियों ने धरमजयगढ़ का रूख कर लिया। पसरखेत क्षेत्र में 9 हाथियों के पहुंचने से संबंधित अमला सर्तक हो गया है और हाथियों की निगरानी में जुट गया है।

# नहर में डूबे बच्चे की मौत, शव बरामद



**बांकीमोंगरा।** अपने पांच मित्रों के साथ नहाने के लिए नहर में डूबे एक बच्चे की आखिरकार मौत हो गई। घटना स्थल से 500 मीटर दूर उसका शव बरामद कर लिया गया। बांकीमोंगरा पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

मृतक का नाम सौरभ रिशु बताया गया है। एक वर्ष पहले उसके पिता की मौत हो गई थी। जिसके बाद वह अपने नाना-नानी के पास रह रहा था। मृत बच्चे की मां राजस्व विभाग में बतौर पटवारी कार्यरत है। खबर के मुताबिक बांकीमोंगरा निवासी सौरभ मित्रों के साथ नहाने यहां की एक नहर में गया था। उसे तैरना आता था या नहीं इसकी जानकारी नहीं मिली है लेकिन नहाने के दौरान वह गहरा स्थान पर जाने के साथ बाहर नहीं आ सका। उसके द्वारा आवाज दिए जाने पर उसके मित्र भयभीत हो गए। उपर आने के बाद उन्होंने स्थानीय लोगों को अवगत कराया। घटना वाले दिन उसकी तलाश का काम नहीं हो सका। बांकीमोंगरा टीआई ने बताया कि 500 मीटर की दूरी पर मृत बच्चे का शव प्राप्त हुआ है। पंचनामा के साथ उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## बस स्टैंड में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम आज



**कोरबा।** विश्वकर्मा पूजा के उपलक्ष्य में पुराना बस स्टैंड में आज शाम 7 बजे से छत्तीसगढ़ी संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अनुराग शर्मा और उनकी टीम के द्वारा शानदार गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। सिटी मिनी बस, मिनीडोर और महिंद्रा चैंपियन संघ इस कार्यक्रम का आयोजक हैं। संगठन के अध्यक्ष प्रहलाद सिंह ने बताया कि लगभग तीन घंटे यह कार्यक्रम चलेगा जिसमें लोगों को स्वस्थ मनोरंजन देने की कोशिश होगी। इस हेतु प्रशासन को अवगत करा दिया गया है। संगीत प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की गई है।

# प्रतियोगिताओं के साथ गोर्खाली समाज ने मनाया तीज उत्सव



**कोरबा।** महाराणा प्रताप नगर के सामुदायिक भवन में प्रांतीय गोर्खाली समाज छत्तीसगढ़ ने हरियाली तीज पर्व धूमधाम से मनाया। पार्षद आशा जायसवाल इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थी।

कार्यक्रम में समाज की 250 महिलाओं की उपस्थिति रहीं। समाज की प्रबंधकारिणी और वरिष्ठ महिलाओं के द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण से स्वागत किया गया। श्रीमती शशि थामी ने समाज की ओर से सुहागीन महिलाओं को परंपरागत तरीके से तीज पर्व की भेंट की रूप में पोते माला दी गई। मनमोहक कार्यक्रम के अंतर्गत गीत संगीत प्रतियोगिता हुई। म्यूजिकल कुर्सी दौड़ भी यहां पर रखी गई जिसमें बुद्धिमता का परिचय दिया गया। महिलाओं में भारती गुरुंग, शीतल और नेहा विजेता रहीं, जबकि बालिका वर्ग में प्राची सोनी, मानसी गुरुंग व सीता को विजेता का स्थान मिला। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये। कार्यक्रम के बाद महिलाओं को न्यूट्रीशियन फूड दिया गया। कार्यक्रम का संचालन मीना पुरी और माया ने किया। ललिता सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। पारा नेवार, जगन लाल, श्याम नेवार, मीन बहादुर, अर्जुन कुमार, के.बी.गौतमे, कमल बहादुर सोनी, निर्मला सोनी, शंकर पुरी, नीलू सुब्बा, चित्र बहादुर, भीम सोनी सहित काफी सदस्यों ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# परेशानी से मुक्ति नहीं मिली तो लोग उतरे सड़क पर

## वार्ड 23 की सड़क को ठीक करने श्रमदान

**कोरबा।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 23 के मुख्य मार्ग की दुर्दशा के कारण लोग परेशान हैं। काफी समय से इसकी स्थिति दोयम दर्जे की है। किसी प्रकार का सुधार नहीं होने पर लोग संसाधन के साथ सड़क पर उतरे और श्रमदान कर इसे ठीक करने की कोशिश की।

आरएसएस नगर वार्ड की मुख्य सड़क काफी समय से बदहाल है। कई महीने से इस तरह से निगम का ध्यान आकर्षित कराया गया और सड़क को ठीक कराने की मांग की गई। समय गुजरने के साथ समस्या का और विस्तार हो गया। बाकी कसर बारिश के मौसम ने पूरी कर दी। सड़क पर मौजूद गड्ढों का आकार एक तरफ बढ़ा और बारिश के पानी के संपर्क में आने के साथ इसका दायरा और बढ़ गया। जिसके बाद नगर निगम ने मार्ग नवीनीकरण कराने की सोची लेकिन बीच में ही काम को छोड़ना पड़ गया। एक बार फिर से यहां पर समस्याएं पैदा हो गई जिससे लोगों के सामने मुश्किलें पेश आ रही है। आज काफी संख्या में लोगों ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सामूहिक श्रमदान करते हुए गड्ढों का पाटने का काम किया। उन्हें लगता है कि ऐसा करने से सड़क की समस्या कुछ हद तक दूर हो सकेगी।

# चार अनुविभाग में शुरू हुआ गिरदावरी कार्य

## इसी आधार पर होगी धान खरीदी



**कोरबा।** चुनावी वर्ष 2023 को लेकर प्रशासन संबंधित कार्यों की तैयारी में जुटा हुआ है। इसी के साथ धान खरीदी को लेकर भी औपचारिक तैयारी की जा रही है। हालांकि अब तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए तारीख की घोषणा नहीं हुई है लेकिन कोरबा जिले के चार अनुविभाग ने गिरदावरी कार्य शुरू कर दिया गया है।

कोरबा, कटघोरा, पाली और पोड़ी उपरोड़ा अनुविभाग के अंतर्गत 200 से ज्यादा पटवारी हल्का शामिल हैं, जहां की खेती बड़े पैमाने पर कृषक करते हैं। पिछले वर्ष 21 हजार के आसपास किसानों ने अपना पंजीकरण धान बेचने के लिए कराया था और समर्थन मूल्य के साथ बोनस अर्जित किया। वर्तमान में इस हेतु अगली प्रकियाएं जारी हैं। इसके अनुसार अनुविभाग की सभी तहसीलों में आने वाले हल्कों के पटवारियों को अपने क्षेत्राधिकार के कृषि रकबा का सत्यापन करने की जिम्मेदारी दी गई है। राजस्व की भाषा में इसे गिरदावरी का नाम दिया गया है। निर्धारित मानक के अंतर्गत पटवारी और अन्य संबंधित क्षेत्र में पहुंचकर विजिट करेंगे और रकबों को देखेंगे कि पंजीकृत किसानों के द्वारा कुल कितने हिस्से में धान की फसल लगाई गई है। इस आधार पर उसे रिकार्ड में लिया जाएगा और इसी अनुसार धान की खरीदी मौजूदा सीजन में कराई जाएगी। बीते कुछ वर्षों में धान रकबा के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कराई गई है। इसके पीछे उद्देश्य यही है कि वास्तविक मात्रा को ही किसान केंद्र तक ला सके और बिचौलिया तंत्र को हतोत्साहित किया जाना संभव हो।

### क्या होगी ऋण माफी...

जिले में इस बार भी सहकारी बैंक से किसानों ने करोड़ों का कृषि ऋण ले रखा है। सहकारी बैंक प्रतिवर्ष नीतिगत रूप से किसानों को उनकी कृषि संबंधी आवश्यकता की पूर्ति के लिए न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराता है। इसकी भरपाई धान की बिक्री रकम से स्वत: कर ली जाती है। अन्य स्थिति में किसानों को संबंधित राशि का भुगतान करना होता है। जानकारों का कहना है कि चूंकि 2023 चुनावी वर्ष है इसलिए बहुत सारे किसानों ने ऋण माफी की आस रखते हुए जरूरत से ज्यादा ऋण ले लिया है। उन्हें लगता है कि किसानों को खुश करने के लिए सरकारी इसकी घोषणा कर सकती है।

## एतमा नगर के नए रेंजर खांडे ने संभाला पदभार

**कोरबा।** कटघोरा मंडल के एतमानगर रेंज में नए रेंजर की पदस्थापना हो गई है। देवदत्त खांडे ने शनिवार को यहां के नए रेंजर के रूप में पदभार संभाला। उन्हें पदभार रेंजर मनीष सिंह ने सौंपा जिनका तबादला कवर्धा हो गया है। एतमानगर रेंज का पदभार सौंपने के बाद अब श्री सिंह शीघ्र ही नए स्थल पर अपनी ज्वाईनिंग देंगे।

श्रीं
प्लाट बेचना है
आदिवासी प्लाट बेचना है एक एकड़। करतला थाना के बाजू में ऑन द रोड।
संपर्क करें
62681-46606

श्रीं
मकान/दुकान बेचना है
ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा में प्रायमरी लोकेशन में स्थित मकान व दुकान बेचना है।
संपर्क करें
62681-46606










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com